


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल
■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 325
ग्वालियर, रविवार 14 अगस्त 2022
पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## सीएम शिंदे मुंबई में बनने जा रहे नया शिवसेना भवन, जल्द ही दादर में खुलेगा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे फिर से आमने-सामने हैं। शिंदे नया शिवसेना भवन बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शिंदे का शिवसेना का धड़ा जल्द ही दादर में अपना केंद्रीय कार्यालय खोलेगा, जिसे शिवसेना भवन की प्रतिकृति के रूप में पेश किया जा रहा है। नया कार्यालय माहिम निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना के बागी विधायक सदा सर्वंकर द्वारा बनाया जा रहा है, जिन्होंने कहा कि शिंदे गुट जल्द ही पूरे मुंबई में कार्यालय खोलेगा और दादर कार्यालय मुख्यमंत्री का केंद्रीय कार्यालय होगा। शिंदे गुट की ओर से कहा गया कि यह एक प्रतिद्वंद्वी शिवसेना भवन नहीं है। यह आम लोगों के मुद्दों को हल करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए एक कार्यालय है।

सरवनकर ने कहा कि मुंबई से संबंधित मुद्दों से निपटने सीएम शिंदे का कार्यालय होगा। हमें इसके लिए केंद्रीय कार्यालय की आवश्यकता थी और शिंदे दादर में एक कार्यालय रखना चाहते थे। इसलिए यह कार्यालय खोला जाएगा और राज्य के हर जिले में एक कार्यालय होगा। मुंबई में, प्रत्येक वार्ड में एक कार्यालय भी होगा। उन्होंने आगे कहा, आप इसे सेना भवन या सेना भवन प्रतिकृति या शिवालय कह सकते हैं। लेकिन यह नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए एक कार्यालय होगा। इस अगले 15 दिनों में खोला जाएगा। हम 40 साल से सेना भवन में काम कर रहे हैं। लेकिन अब हम लोगों के लिए सीएम शिंदे से मिलने के लिए जगह बनाना चाहते हैं। बता दें कि सेना भवन दादर में शिवाजी पार्क के करीब स्थित है, जहां 1966 में सेना का गठन किया गया था। ग्राउंड-प्लस-तीन मंजिला सेना भवन का निर्माण 1970 के दशक में किया गया था। यह न केवल शिवसेना का मुख्यालय है, बल्कि शिवसेना के प्रमुख संगठनों के कार्यालय भी हैं। सरवनकर ने कहा, बुनियादी काम तैयार है और हम मौजूदा इमारत में एक कार्यालय बना रहे हैं। हम सेना भवन पर किसी भी अधिकार का दावा करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। इसलिए हमें किसी भी सेना भवन प्रतिकृति की जरूरत नहीं है।

## कूटनीतिक जंग में भारत ने चीन को दी पटखनी, हंबनटोटा पोर्ट पर चीनी पोत नहीं रुकेगा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर चीनी पोत को लेकर भारत-चीन के बीच चल रही कूटनीतिक जंग समाप्त हो गई है। जंग में भारत ने चीन को चित कर दिया है। भारत की आपत्ति के बाद



श्रीलंका ने पोत को हंबनटोटा जाने की इजाजत नहीं दी है। मामले को भारत की कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने भारत की बात का मान रखकर चीन को साफ इनकार कर दिया है। अब चीन का जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर नहीं रुकेगा। श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुरुवार को ये जानकारी दी। बता दें कि गुरुवार को हंबनटोटा पहुंचने की योजना थी। चीनी शिप यहां कुछ समय के लिए लंगर डालने वाला था, लेकिन पिछले दिनों भारत ने श्रीलंका में इस पोत की संभावित मौजूदगी को लेकर चिंता व्यक्त की थी। गौरतलब है कि पहले श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय ने 12 जुलाई को हंबनटोटा बंदरगाह पर जहाज को लंगर डालने के लिए मंजूरी दी थी।

## बांदा नाव हादसे में अब तक 11 लोगों के शव बरामद, सर्च आपरेशन जारी



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में हुए दर्दनाक नाव हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या 11 पर पहुंच गई है। बांदा नाव हादसे में लापता 17 लोगों में से शनिवार को 8 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें 5 पुरुष और 3 महिलाएं हैं। अन्य लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को दोपहर 33 सवारियों से भरी नाव अचानक यमुना नदी में समा गई थी, जिसके बाद पूरे इलाके में हाहाकार मच गया। पिछले 40 घंटे से अधिक समय से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। बांदा नाव हादसे में लापता लोगों के शव फतेहपुर में भी मिले हैं। फतेहपुर के डीएम ने कहा कि किशनपुर घाट से 2, नरौली घाट से 4, गुरुवल घाट से 1, एकडला घाट से 1 शव बरामद हुए हैं। कुल मिलाकर अब तक बांदा नाव हादसे में 11 शव बरामद हो चुके हैं। आज आठ शव बरामद हुए और तीन शव एक दिन पहले बरामद हुए थे। फिलहाल, लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

मुख?यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए लोगों के घरवालों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान और रामकेश निषाद को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया है। सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी निर्देश जारी किया है। ग्रामीणों ने कहा कि मरका घाट पर काफी समय से पुल की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि औगासी का पुल बन चुका है, लेकिन मरका का पुल बजट की कमी की वजह से अब तक 70 फीसदी भी नहीं बन सका है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पुल समय से बन जाता, तो यह हादसा नहीं हुआ होता।

## पार्थ और मंडल की गिरफ्तारी से टीएमसी को लगा झटका, डैमेज कंट्रोल में जुटी ममता बैनर्जी

**कोलकाता।** पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल के रूप में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दोनों दिग्गज नेताओं की गिरफ्तारी ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी को बड़ा झटका दिया है। इस झटके के बाद टीएमसी अब अपनी 'स्वच्छ छवि' पेश करने के लिए पार्टी के



सांगठनिक स्वरूप को तराशने में जुट गई है। प्रदेश के सभी जिलों के अधिकांश ब्लॉकों में पार्टी पदाधिकारियों में फेरबदल किया जा रहा है। हाल के दिनों में पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। डैमेज कंट्रोल के लिए पार्टी में आंतरिक 'स्वच्छता अभियान' शुरू किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पिछले 15 दिनों से हर जिले के नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बनर्जी ने अधिकांश उत्तर बंगाल और पश्चिमी जिलों के नेताओं से मुलाकात की है और आने वाले दिनों में वह दक्षिण बंगाल के नेताओं से मुलाकात करेंगे। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि पार्टी पहले ही ब्लॉक-दर-ब्लॉक समीक्षा कर चुकी है और 2023 के पंचायत चुनावों के लिए हर जिले के साथ क्या फेरबदल करें और क्या फेरबदल न करें, इसका चार्ट तैयार करने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली में खतरे के निशाने से ऊपर बह रही युमना, निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला



**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार सुबह से यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बताया कि सुबह पांच बजे जलस्तर 205.99 मीटर तक पहुंच गया। ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद शुक्रवार शाम करीब चार बजे दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 205.33 मीटर के खतरे के निशान को पार कर गया था, जिसके बाद अधिकारियों को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से हटाने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी। एक पूर्वानुमान में कहा गया है कि शाम पांच बजे के आसपास जलस्तर के 206 मीटर के निशान को छूने के बाद स्थिर रहने की संभावना है। पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बांका ने कहा कि जिले में निचले इलाकों से करीब 2,300 लोगों को बाहर निकाला गया और शुक्रवार रात तक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि शनिवार को निकासी प्रयास तेज किये जाएंगे। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी तब घोषित की जाती है जब यमुना नगर स्थित हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा एक लाख क्यूसेक को पार कर जाती है। अधिकारी ने कहा कि इसी के साथ डूब क्षेत्र और बाढ़ संभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है।

## खंडवा के युवकों ने नदी में तैरते हुए तिरंगा फहराया, पीएम मोदी ने की तारीफ



**खंडवा।** पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मन रहा है। इस बीच मोदी सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है, वहीं खंडवा के तैराक युवाओं ने अभियान को अनोखे ठंग से मनाया। दरअसल खंडवा यह तैराक दल रोज नदी में तैरकर शरीर को फिट रखने का गुर सिखाता है। तैराकी करने वाले इस समूह ने इस बार आजादी का जश्न मनाने के लिए नदी में तैरते हुए तिरंगा फहराया। इतना ही नहीं तैराकी कर दल ने बीच नदी में भारत माता के जयकारे भी लगाए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

यह वीडियो खंडवा स्थित नागचुन तालाब और अबना नदी का है। वीडियो में पानी के बीच तिरंगे झंडे को फहराया जा रहा है, साथ ही पानी के अंदर ही तिरंगे को सलामी भी दी जा रही है। ये लोग खंडवा के लहरों के राजा ग्रुप के सदस्य हैं। उनके प्रयास की सराहना खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जज्बे को प्रणाम! तिरंगे के प्रति अतुलित सम्मान का यह साहसिक दृश्य भारतीयों के उत्साह और उमंग को दर्शाता है।

लहरों के राजा ग्रुप के सदस्य और शिक्षक कारण सिंह सिसोदिया ने बताया कि हमने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जाने वाले अमृत महोत्सव को लेकर कुछ अलग करने की कोशिश की थी। हमारी इस कोशिश को प्रधानमंत्री जी ने सराहा है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। उनकी सराहना से हम सभी बहुत खुश हैं। हर घर तिरंगा अभियान भारत के सभी लोगों को साथ जोड़ने का अभियान है। वहीं लहरों के राजा ग्रुप के अन्य सदस्य ने कहा कि देश को एक सूत्र में बांधने वाले हर घर तिरंगा अभियान के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आरसीपी सिंह को केंद्रीय मंत्री बनने के लिए नीतिश से की थी बात



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने करीबी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को लेकर पहली बार बयान दिया। नीतीश ने कहा कि हमने उन्हें बहुत अधिकार दिए थे, लेकिन उन्होंने गड़बड़ किया। नीतीश ने कहा कि आरसीपी खुद केंद्रीय मंत्री बन गए थे। इस लेकर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि आरसीपी को केंद्र में मंत्री बनाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने खुद नीतीश से बात की थी। सुशील मोदी ने कहा कि अगर आरसीपी को उनकी सहमति से नहीं बनाया गया था, तब फिर उन्होंने आरसीपी सिंह पर कार्रवाई के लिये 11 महीने का इंतजार क्यों किया। शरद यादव जब महागठबंधन के करीब गए थे तब उन्होंने तुरंत कार्रवाई कर दी थी, इसमें इंतजार क्यों किया। नीतीश कुमार ने कहा था कि आरसीपी सिंह खुद केंद्र में मंत्री बन गए। उन्होंने 4 मंत्री पद की मांग की थी, लेकिन वहां खुद बन गए और कहने लगे कि मेरे कहने पर बने थे। सुशील मोदी ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर भी जमकर निशाना साधाकर कहा कि उन्हें क्या पता है। जेडीयू के कई नेता थे जो बीजेपी के नेताओं से मिलकर नीतीश कुमार को उपराष्ट्रपति बनाना चाहते थे। ताकि उनका बिहार से सम्मानजनक एग्जिट हो सके, लेकिन बीजेपी ने इनकार कर दिया. जब बीजेपी के पास बहुमत है, तब भला इन्हें उपराष्ट्रपति क्यों बनाती। बीजेपी सांसद ने कहा कि केवल प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देखने के लिए उन्होंने पाला बदली है, लेकिन ये ख्वाब ही रहेगा। इनसे ज्यादा सीट तो बंगाल में ममता बनर्जी को मिली हैं। अरविंद केजरीवाल की सरकार 2-2 राज्य में है। केसीआर भी हैं। सभी मुख्यमंत्री चाहते हैं कि वहां प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ये सरकार गिर जाएगी। जैसे 2019 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी वैसे ही 2024 में नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मिलेगा क्योंकि नीतीश कुमार का अति पिछड़ा वोट उनके हाथ से निकल चुका है।

## आतंकी बिट्टा कराटे की पत्नी समेत कश्मीर के चार सरकारी कर्मचारी नौकरी से बर्खास्त



**श्रीनगर।** कश्मीर में अलगाववादियों-आतंकवादियों के लिए काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध एक बार फिर कड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य सरकार ने कश्मीरी हिंदुओं की हत्याओं में शामिल आतंकी बिट्टा कराटे की पत्नी असबा समेत चार कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। नौकरी से निकाले गए इन कर्मचारियों में कश्मीर यूनिवर्सिटी के दो प्रोफेसर भी शामिल हैं। सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत कार्रवाई करते हुए राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। सरकार ने चार कर्मचारियों की सेवाएं बर्खास्त कर दी हैं। इन कर्मचारियों की गतिविधियां खुफिया एजेंसियों और कानूनी व्यवस्था बनाने वाली एजेंसियों के नोटिस में आई थी कि ये कर्मचारी राज्य सुरक्षा के लिए खतरा हैं और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। सरकार ने इस संबंध में 30 जुलाई 2020 को कमेटी का गठन किया था, जिसने मिली जानकारी, रिकार्ड और दस्तावेजों की जांच की। कश्मीर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में वैज्ञानिक-डी डॉ मुहीत अहमद भट, कश्मीर विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट स्टडी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर माजिद हुसैन कादरी, जम्मू-कश्मीर उद्यमिता विकास संस्थान में प्रबंधक आइटी सैयद अब्दुल मुइद और ग्रामीण विकास निदेशालय कश्मीर में डीपीओ असबा-उल-अरजामंड खान शामिल हैं। असबा आतंकवादी फारूक अहमद खान उर्फ बिट्टा कराटे की पत्नी है। मुहीत अहमद भट कश्मीर विश्वविद्यालय में अलगाववादी-आतंकवादी एजेंडा चला रहे थे और पाकिस्तान प्रायोजित कट्टरवाद के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रहे थे।

## खास खबर

### सीएम भगवंत मान की एक विधायक-एक पेंशन योजना पर राज्यपाल की मोहर

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने एक विधायक-एक पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। यह फाइल काफी समय से राज्यपाल के पास अटकी पड़ी थी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह जानकारी खुद सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर दी। मान सरकार इस वर्ष 1 जुलाई को इस संबंध में विधानसभा में विधेयक लेकर आई थी। इसके बाद इस मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेज दिया गया था। इस संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद अब राज्य में विधायक को एक ही पेंशन मिलेगी। राज्य में अब तक हर कार्यकाल की अलग-अलग पेंशन मिलती थी। उदाहरण के लिए यदि कोई नेता पांच बार विधायक रहा, तब उस पांच पेंशन मिलती थी, लेकिन अब एक ही पेंशन मिलेगी। विधायकों की पेंशन के संबंध में अधिसूचना जारी होने के बाद अब विधायकों को उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद 60 हजार रुपये पेंशन और डीए ही मिलेगा। बता दें, इससे पहले दो मई को भगवंत मान कैबिनेट ने एक विधायक, एक पेंशन योजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद फाइल राज्यपाल को भेज दी गई थी, लेकिन राज्यपाल ने यह कहते हुए फाइल लौटा दी थी कि इस संबंध में विधानसभा में बिल पेश किया जाए। इसके बाद भगवंत मान सरकार ने 1 जुलाई को विधानसभा में विधेयक पेश किया था। पंजाब में विधायकों के पास एक से ज्यादा पेंशन जा रही थी। इसकारण सरकार पर 19.53 करोड़ का वित्तीय बोझ हर साल पड़ रहा था। कई पूर्व विधायक हैं, जिनकी पेंशन पांच लाख रुपये तक बन रही थी। सरकार के इस फैसले से हर साल खजाने पर करोड़ों रुपये का बोझ कम होगा।

### 11 हजार उम्मीदवारों के लिए सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के चौथे चरण में शामिल होने वाले 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र के उनके पसंद के शहर समायोजित करने को लेकर 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा 17 से 20 अगस्त के बीच होनी थी और इसमें 3.72 लाख उम्मीदवार हिस्सा लेने वाले थे। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी संभाल रही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पहले घोषणा की थी कि सभी चरणों की परीक्षा 28 अगस्त को संपन्न हो जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा चौथे चरण में हिस्सा लेने वाले 3.72 लाख उम्मीदवारों में से 11 हजार उम्मीदवारों की परीक्षा, परीक्षा केन्द्र के लिए उनके पसंद के शहर को समायोजित करने के वास्ते 30 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई है। एनटीए ने परीक्षा केंद्रों की क्षमता बढ़ाई है और परीक्षा केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ और परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि सीयूईटी परीक्षा के दूसरे चरण में खामियों के चलते विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी।

### सोनिया गांधी फिर से कोरोना संक्रमित घर में हुईं आइसोलेट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी फिर से कोरोना पॉजिटिव आई है। जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी सांसद और महासचिव प्रभारी संचार जयराम रमेश ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि, आज कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का कोविड-19 टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। वह सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आइसोलेशन में रहेंगी। वहीं 10 अगस्त को प्रियंका गांधी भी कोरोना से दूसरी बार संक्रमित हुई थीं। जिसकी जानकारी उन्होंने एक ट्वीट कर दी थी। जिसमें उन्होंने लिखा था कि %आज कोरोना पॉजिटिव आई हूं (फिर से)। घर में आइसोलेट हूं और कोरोना के सभी नियमों का पालन कर रही हूं।

### चेन्नई एयरपोर्ट पर यात्री से करीब 9 किलो हेरोइन व कोकीन जब्त, कस्टम ने किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई एयर पोर्ट पर कस्टम्स विभाग ने इथियोपियाई एयरलाइंस से अदीस अबाबा से पहुंचे एक यात्री से 9.590 किलो हेरोइन और कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस नशे की कीमत करीब 100 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के अधिकारी अनिल कुमार की खुफिया जानकारी के आधार पर यह छापेमारी की गई थी। चेन्नई एयर कस्टम द्वारा जारी बयान के मुताबिक, 11 अगस्त को इथोपियन एयरलाइंस द्वारा अदीस अबाबा से पहुंचे एक भारतीय यात्री इकबाल बी उरंदादी को एआईयू अधिकारियों ने रोका। उनसे 9.590 किलोग्राम वजन वाली हेरोइन और कोकीन जब्त की गई, जिसकी करीब 100 करोड़ रुपये है। बयान के मुताबिक, यात्री और उसके सामना की जांच करने पर कोकीन और हेरोइन मिले।

## न्यूज़ ट्रैक....

### कर्नाटक में काफी प्रतिभाएं : पडिक्कल

**बेंगलुरु** । युवा सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि आगामी महाराजा केएससीए ट्रॉफी से कर्नाटक के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अवसर मिलेगा। पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक में काफी प्रतिभाएं है और मैंने बड़े होने के दौरान ज्यादातर खिलाडि?ों के साथ खेला है। मैंने राज्य के कई हिस्सों से खिलाडि?ों को आते देखा है। वह बेंगलुरू के खिलाडि?ों से कम प्रतिभाशाली नहीं हैं। पडिक्कल ने साथ ही कहा कि कर्नाटक के युवाओं को निश्चित रूप से अवसर दिए जाने की आवश्यकता है और मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट वह अवसर प्रदान करेगा। पडिक्कल ने कहा कि मैदान पर मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। केपीएल भी मेरे लिए सही समय पर आया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल सकता हूं। मैं उस समय अच्छा खेल रहा था। पडिक्कल ने कहा कि जब मैं अंडर-16 में खेल रहा था, तब चयन और टीम के लिए खेलने के लिए चुने जाने के मामले में मेरी मानसिकता बदल गई और अगर मुझे नहीं चुना गया तो इसने मुझे कभी परेशान नहीं किया।

### गोवा से खेल सकते हैं अर्जुन तेंदुलकर

**मुम्बई** । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर अब मुंबई टीम को छोड़कर किसी अन्य टीम से खेल सकते हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदाज अर्जुन ने हाल ही में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओस) देने के लिए आवेदन किया है। माना जा रहा है कि दूसरी जगह से खेलने पर अर्जुन को अधिक प्रतिस्पर्धी मैच खेलने का मौका मिलेगा। इस प्रकार वह अपने क्रिकेट करियर के एक नए चरण की शुरुआत कर रहे हैं। अर्जुन को अब तक अपने को साबित करने का अवसर नहीं मिला है। वहीं दूसरी ओर गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य के संभावित खिलाड़ियों में अर्जुन को शामिल किया जा सकता है। जीसीए अध्यक्ष सूरज लोतलीकर ने कहा, %हम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की तलाश में हैं इसलिए हमने अर्जुन को गोवा की टीम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। हम सीजन से पहले सीमित ओवरों के अभ्यास मैच खेलेंगे और वह इन मैचों में खेलेंगे।

### यूएई लीग के लिए एमआई ने पोलार्ड , ब्रेवो सहित कई खिलाड़ी शामिल किये

**दुबई** । रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम एमआई एमिरेट्स ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली अंतरराष्ट्रीय टी20 लीगके उद्घाटन सत्र के लिए कीरोन पोलार्ड , ड्वेन ब्रावो और ट्रेंट बोल्ट सहित कई और खिलाड़ियों ओ अपनी टीम में शामिल किया है। एमआई एमिरेट्स ने इस टी20 के लिए अपनी टीम की घोषणा करते हुए कहा कि वर्तमान और पूर्व मुंबई इंडियन्स (एमआई) खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ नए खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी गयी है। एमआई एमिरेट्स में पोलार्ड, ब्रावो और बोल्ट के अलावा निकोलस पूरन और इमरान ताहिर भी शामिल हैं। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज विल स्मीड भी एमआई परिवार में शामिल किये गये है। इसके अलावा, आंद्रे फ्लेचर (वेस्ट इंडीज), समित पटेल (इंग्लैंड) और जॉडर्न थॉम्पसन (इंग्लैंड) टीम से जुड़ने वाले नए नाम हैं। खिलाड़ियों को शामिल करने को लेकर रिलायंस जियो के प्रमुख आकाश अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि हमारे प्रमुख खिलाड़ियों में से एक, पोलार्ड एमआई एमिरेट्स के साथ जुड़ रहे हैं। उनके साथ मुंबई इंडियन्स के पूर्व खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, ट्रेंट बोल्ट और निकोलस पूरन भी हमसे दोबारा जुड़े हैं।

# एशिया कप से पहले फिटनेस कैंप से गुजरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली** । 27 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले एशिया कप से पहले भारतीय टीम बैंगलुरू की नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) फिटनेस कैंप से गुजरेगी। भारतीय टीम यूएई के हालातों से तालमेल बिठाने के लिए एक सप्ताह पहले वहां पहुंचेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार कप्तान रोहित शर्मा की यह टीम 20 अगस्त को ही यूएई के लिए रवाना हो जाएगी और फिर वहां कैंप लगाकर तैयारियों को पूरा करेगी। यूएई के लिए रवाना होने से पहले कप्तान रोहित सहित सभी खिलाड़ियों को फिटनेस जांच से गुजरना होगा। एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, 'टीम इंडिया 18 अगस्त को नेशनल क्रिकेट एकेडमी, बेंगलुरू में एकत्र होगी। यहां खिलाड़ियों को फिटनेस जांच से गुजरना होगा। प्रोटोकॉल के तहत लंबे ब्रेक के बाद खिलाड़ियों के लिए इस तरह के फिटनेस टेस्ट देना जरुरी होता है। भारतीय टीम 20 अगस्त को दुबई के लिए रवाना होगी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम का तीन दिन का एक कैंप दुबई में लगेगा। जिससे खिलाड़ी दुबई के हालातों के हिसाब से अपने को ढाल सकेंगे।'वहीं युवा खिलाड़ी दीपक हुडा और आवेश खान जो जिम्बाब्वे दौरे के लिए चुनी गई टीम का भी हिस्सा हैं, वो 22 अगस्त को एकदिवसीय सीरीज खत्म होने के बाद सीधे दुबई पहुंचेंगे। इन दोनों ही खिलाड़ियों को फिटनेस टेस्ट से नहीं गुजरना होगा और यह दोनों खिलाड़ी 23 अगस्त को दुबई में भारतीय दल से सीधे जुड़ जाएंगे। दीपक चाहर भी स्टैंड बाय खिलाड़ी के तौर पर एशिया कप के लिए जाएंगे।

### एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत और जिम्बाब्वे ने घोषित की टीमें

**हरारे** । भारत और मेजबान जिम्बाब्वे ने 18 अगस्त से शुरु हो रही एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। भारतीय टीम की कप्तानी जहां लोकेश राहुल करेंगे , वहीं शिखर धवन उपकप्तान होंगे। दूसरी ओर जिम्बाब्वे की कमान रेगिस चकबवा संभालेंगे। भारत ने जहां नियमित कप्तान रोहित शर्मा के साथ ही विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं जिम्बाब्वे के नियमित कप्तान क्रेग इर्विन, ब्लेसिंग मुजरबानी, टेंडई चटारा और वेलिंगटन मसाकाड्जा चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेलेंगे।

भारतीय टीम : लोकेश राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

**जिम्बाब्वे** : रयान बर्ल, चकबवा, तनाका, चिवंगा, ब्रैडली इवांस, जोंगवे, कैआ, कैटानो, क्लाइव मडांडे, मधेवेरे, मारुमनी, जॉन मसारा, टोनी मुन्योंगा, नगारवा, न्याउची, सिकंदर रजा, मिल्टन शुंबा और डोनाल्ड ट्रिपानो।



टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन टेनिस में खेलती हुई यू यिफान और यांग झाओआन।

# विश्व कप के लिए सुधार करना होगा : अभिषेक

**नई दिल्ली** । राष्ट्रमण्डल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचने वाले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए हमें अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना होगा। अभिषेक ने कहा कि सभी खिलाड़ी अभ्यास के साथ ही आगामी टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर विश्व कप की तैयारी करेंगे। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि हम सभी अपनी कमियों को दूर करते हुए सुधार करना चाहते हैं। जिससे अगले साल होने वाले विश्व कप में पूरी ताकत से उतरा जा सके। राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। अभिषेक ने इस टूर्नामेंट में सही मैचों में खेला था। अभिषेक ने कहा, '' इतने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान मुझे अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला और पता चला कि किन क्षेत्रों में मुझे और सुधार करने की जरूरत है।''उन्होंने कहा, ''हमने पूरी प्रतियोगिता में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि हमारा सामना कड़े प्रतिद्वंद्वियों से था। प्रत्येक मैच हमारे लिए एक चुनौती था और हमने इसका पूरी ताकत से मुकाबला किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भले हमें जीत नहीं मिली पर हमने उससे काफी कुछ सीखा। हम इन क्षेत्रों में अभ्यास के दौरान सुधार करेंगे।''साथ ही कहा कि हमारे मुख्य कोच ग्राहम रीड ने अभ्यास सत्र से पहले ही मुझसे कहा था खेल का आनंद लो और बहुत अधिक दबाव मत बनाओ। उनकी इस सलाह से मुझे बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिली। अभिषेक ने कहा, '' मेरे साथियों और कोच ने मुझसे कहा कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया जबकि यह मेरा पहला बड़ा

### हसन शानदार वापसी करेंगे : आजम

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने तेज गेंदबाज हसन अली की जमकर प्रशंसा की है। आजम ने कहा कि हसन शीघ्र वापसी करेंगे। हसन को एशिया कप और नीदरलैंड दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। इस गेंदबाज ने श्रीलंका के खिलाफ हाल में टेस्ट सीरीज में हिस्सा लिया था। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भी शामिल किये गये थे पर उन्हें एशिया कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली थी। आजम ने कहा, 'मैं जानता हूं कि हसन अभी फॉर्म में नहीं है पर ऐसी बात नहीं है कि उन्हें कुछ

# इसलिए भारतीय टीम में मिल रहे युवा गेंदबाजों को अवसर

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा है कि उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम के लिए अधिक से अधिक गेंदबाज तैयार करना है। म्हाम्ब्रे की इसी रणनीति के तहत आजकल युवा गेंदबाजों को अवसर मिल रहे हैं। इसका लक्ष्य भविष्य के लिए बेहतर टीम बनाना है। कोच के अनुसार विश्व कप के शुरु होने तक टीम के पास कई अच्छे गेंदबाज होंगे। म्हाम्ब्रे ने कहा, % अभी हम विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और युवाओं को अवसर दे रहे हैं जिससे यह पता लगा सकें कि हमारे लिए कौन उपयोगी है। इस तरह से योजना बनाना आसान होता है। म्हाम्ब्रे ने आवेश खान और अर्शदीप सिंह सहित टीम के युवा तेज गेंदबाजों और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, इन गेंदबाजों ने जो क्षमता दिखाई उससे हमारा उत्साह बढ़ा है। अब तक के मैचों में अर्शदीप और आवेश ने दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी काबिलियत दिखाई जिससे मैं बहुत खुश हूं। म्हाम्ब्रे ने कहा, वे हर दिन कितना सीखना चाहते हैं और अपने खेल में सुधार करना चाहते हैं इससे मैं काफी प्रभावित हूं। म्हाम्ब्रे ने अर्शदीप की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया था। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय विशेषकर आईपीएल से उनके प्रदर्शन पर गौर कर रहा हूं। उसकी सबसे बड़ी विशेषता दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की है।

## व्यापार न्यूज

### जॉनसन एंड जॉनसन 2023 से पूरी दुनिया में बंद कर देगी बेबी पाउडर की बिक्री

**नई दिल्ली** । जॉनसन एंड जॉनसन 2023 में पूरी दुनिया में अपने बेबी टैल्कम पाउडर की बिक्री बंद कर देगी। कंपनी ने कहा कि अमेरिका में चल रहे हजारों कंज्यूमर सेफ्टी केस के चलते प्रॉडक्ट की बिक्री बंद कर दी गई है। कंपनी ने कहा कि दुनिया भर के देशों में बेचा जाने वाला बेबी पाउडर अब बाजार से हटा लिया जाएगा। कंपनी ने अमेरिका और कनाडा से इस पाउडर की बिक्री 2020 में ही बंद कर दी है। इस पाउडर में एस्बेस्टस का एक प्रकार का हानिकारक फाइबर मिला था, जिसे कैंसर होने की वजह माना जा रहा था। इस मामले में कंपनी पर 35 हजार महिलाओं ने बच्चेदानी का कैंसर होने के आरोप में केस किए थे। इसकी वजह से अमेरिका में इसकी मांग काफी कम हो गई थी। इस पर कंपनी ने सेल घटने का बहाना बना 2020 में अमेरिका व कनाडा में बेबी पाउडर बेचना बंद कर दिया, लेकिन कंपनी आज भी ब्रिटेन सहित दुनिया के बाकी देशों में इसे बेच रही है। अमेरिका की एक कोर्ट ने इस पाउडर से ओवरीन कैंसर होने के कारण कंपनी पर 15 हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

### टाटा पावर ने शत प्रतिशत अक्षय खरीद दायित्व को पूरा किया

**नई दिल्ली** । वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के जरिए 220 करो? यूनिट की हरित ऊर्जा प्राप्त करने का दावा किया है। टाटा पावर ने इसी के साथ दावा किया कि वह लगातार दूसरे वर्ष शत प्रतिशत अक्षय खरीद दायित्व (आरपीओ) का अनुपालन करने वाली बिजली वितरण कंपनी बन गई है। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि हमने सौर, पवन, पनबिजली और अपशिष्ट से ऊर्जा पैदा करने जैसे जैसे अक्षय स्रोतों से 220 करो? यूनिट की हरित ऊर्जा प्राप्त की है। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2021-22 के आरपीओ के अनुपालन को पूरा किया है। कंपनी ने दावा किया कि यह उसके परिचालन क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बेची गई कुल बिजली यूनिट का लगभग 25 प्रतिशत है।

# बैट्री बदलने के लिए एचपीसीएल और होंडा मोटर ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली** । अपने पेट्रोल पंपों पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी अदला-बदली स्टेशन बनाने के लिए होंडा मोटर कंपनी से हाथ मिलाया है। होंडा पावर पैक एनर्जी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एचपीसीएल के बीच हुए इस करार के तहत बेंगलुरु में पहले 'ई-स्वैप' स्टेशन की शुरुआत भी हो गई है। एचपीसीएल के बेंगलुरु स्थित एक पेट्रोल पंप पर बैटरी बदलने वाले इस सेंटर की शुरुआत हो गई है। फिलहाल इस सेंटर पर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर वाहनों की ही बैटरियां बदली जाएंगी। हालांकि, कंपनी ने अगले एक साल में बेंगलुरु में इस तरह के 70 ई-स्वैप स्टेशन और शुरू करने की घोषणा की है।एचपीसीएल ने कहा कि उसके बाद देश के अन्य शहरों में इस सर्विस का विस्तार किया जाएगा। एचपीसीएल ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''उपभोक्ता इस केंद्र पर सिर्फ दो मिनट में ही डिस्चार्ज हो चुकी बैटरी को पूरी तरह चार्ज बैटरी के साथ बदल सकते हैं। इसके अलावा ग्राहक इस स्टेशन से अपने व्हीकल के लिए बैटरी भी उधार ले सकते हैं। बैटरी को उधार देने से एक इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद लागत भी कम हो जाती है।''होंडा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए खासतौर पर डिजाइन बैटरियों के निर्माण के लिए जानी जाती है। वहीं एचपीसीएल अपने बड़े नेटवर्क के दम पर पूरे देश में अपनी मौजूदगी रखती है। इन दोनों पक्षों को ध्यान में रखते हुए एचपीसीएल और होंडा मोटर ने हाथ मिलाने का फैसला किया है। आने वाले समय में इस पार्टनरशिप का इलेक्ट्रिक व्हीकल मालिकों का फायदा होगा। इसके अलावा देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को और बढ़ावा मिलेगा। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में ईवी की बिक्री के ये आंकड़े सीईईडब्ल्यू-सेंटर फॉर एनर्जी फाइनेंस (सीईईडब्ल्यू-

# त्रिपुरा में अनानास किसानों की बदल रहे किस्मत

**नई दिल्ली** । पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में अनानास की खेती किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही हैं। त्रिपुरा के अनानास की मिठास के कई देश कायल हैं। यही कारण है अब इनका निर्यात लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को ही त्रिपुरा ने करीब 14 करोड़ मूल्य के 9,909 टन अनानास की एक खेप दुबई, कतर और बांग्लादेश भेजी है। अनानास के अलावा त्रिपुरा कई दूसरे फल भी जर्मनी और इंग्लैंड सहित कई देशों को निर्यात कर रहा है। त्रिपुरा के किसान कल्याण मंत्री प्रंजीत सिंह राय ने बताया कि राज्य से हॉर्टिकल्चर प्रोडक्ट्स का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। त्रिपुरा में सालाना 1.28 लाख टन अनानास का उत्पादन होता है। प्रदेश में करीब 8,800 हेक्टेयर में अनानास की खेती की जा रही है। इनमें से ज्यातार क्षेत्र में केव और क्विन नामक वैरायटी की खेती की जा रही है। ये दोनों ही वैरायटी उच्च क्वालिटी की है। खासकर क्विन की विदेशों में बहुत मांग है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में अगरतला में हुए एक समारोह में क्वीन वैरायटी को राज्य फल घोषित किया था।

किसान मंत्री राय का कहना है कि त्रिपुरा के किसानों को किसान रेल और किसान उड़ान जैसी योजनाओं का बहुत फायदा हुआ है। इनसे त्रिपुरा के किसानों को अपने उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने में बहुत सहायता मिली है। भारतीय रेलवे 2020 से किसान रेल चला रही है। यह दूर-दराज के किसानों के उत्पाद को लेकर उन्हें बाजार मुहैया कराती है, जिससे किसानों को अच्छी आमदनी होती है। त्रिपुरा से दिल्ली और कोलकाता के लिए किसान रेल का संचालन किया जा रहा है।

त्रिपुरा भारत का सबसे बड़ा अनानास उत्पादक राज्य है। लेकिन, किसानों को बिक्री में काफी दिक्कत होती है। स्थानीय स्तर पर पूरा माल बिक नहीं पाता। इससे किसानों को नुकसान होता है। इसी को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार अनानास के निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। त्रिपुरा दुनिया की सबसे उच्चतम किस्म का क्वीन अनानास का उत्पादन करता है। जिसकी बाहर काफी मांग हैं। त्रिपुरा ने अब ऑर्गेनिक अनानास का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इसका निर्यात जर्मनी को किया जा रहा है।

### टाटा नमक होगा महंगा, मजबूरी में लिया फैसला

नई दिल्ली । पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब नमक की कीमत झटका देने वाली है। नमक बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने टाटा सॉल्ट के दाम बढ़ाने के संकेत दिए हैं। टाटा नमक देश में सबसे ज्यादा बिकने वाला नमक है। महंगाई के कारण टाटा नमक के मार्जिन पर असर पड़ा है। इसी को देखते हुए कंपनी ने यह फैसला लिया जा रहा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के एमडी और सीईओ सुनील डिसूजा ने कहा है कि टाटा नमक की कीमतें बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई के दबाव से निपटने और मार्जिन को सुरक्षित करने के लिए कंपनी को यह फैसला मजबूरी में लेना पड़ा है। हालांकि कंपनी की ओर से यह नहीं बताया गया है कि कंपनी की कीमतें कब और कितनी बढ़ेंगी? फुटकर बाजार में एक किलो टाटा नमक की कीमत 28 रुपये प्रति किलो है। एक अनुमान के अनुसार टाटा नमक के दाम बढ़कर 30 से 32 रुपये तक हो सकते हैं।

#### ब्राइन और एनर्जी निर्धारित करती हैं नमक के दाम

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के एमडी और सीईओ सुनील डिसूजा के अनुसार दो चीजें नमक के दाम को निर्धारित करती हैं। इनमें एक है ब्राइन और दूसरा एनर्जी। ब्राइन के दाम फिलहाल स्थिर हैं, लेकिन एनर्जी के दामों ले लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। इस कारण नमक की कीमतें बढ़ाने की नौबत आ गई है। सुनील डिसूजा के मुताबिक कीमतें बढ़ाने का फैसला कम्पनी को मजबूरी में लेना पड़ रहा है।

# अब किरायेदारों को भी चुकाना होगा 18 फीसदी जीएसटी

**नई दिल्ली** । अब आवासीय संपत्ति किराये पर लेकर रहने वाले किरायेदारों को किराए के साथ 18 फीसदी जीएसटी भी भुगतान करना पड़ेगा। यह फैसला पिछले महीने 18 जुलाई से लागू हो चुका है। परंतु इस फैसले में यह कहा गया है कि ये टैक्स केवल उन्हीं किरायेदारों को भुगतना होगा, जो किसी बिजनेस के लिए जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हैं और जो जीएसटी भरने वाली श्रेणी में आते हैं। पहले के नियम के मुताबिक, कमर्शियल प्रॉपर्टी जैसे कि ऑफिस या रिटेल स्पेस जैसी जगहों को किराये पर लेने पर लीज पर जीएसटी लगता था। रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को चाहे कोई कॉरपोरेट हाउस किराये पर ले या फिर कोई सामान्य किरायेदार, इस पर कोई जीएसटी नहीं लगता था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जो नियम 18 जुलाई 2022 से लागू हुए हैं, उनके मुताबिक, जीएसटी रजिस्टर्ड किरायेदार को रिवर्स चार्ज मैकेनिज़्म के तहत टैक्स भरना होगा। वह 'इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत डिडक्शन दिखाकर



जीएसटी क्लेम कर सकता है। यह भी बता दें कि यह 18 प्रतिशत जीएसटी तभी लागू होगा जब किरायेदार जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हो और जीएसटी रिटर्न भरने वाली कैटेगरी में आता है।

नए जीएसटी कानून के तहत रजिस्टर्ड किरायेदार की श्रेणी में सामान्य और कॉरपोरेट संस्थाएं सब शामिल होंगी। सालाना टर्नओवर निर्धारित सीमा से ऊपर पहुंच जाने पर बिजनेस मालिक को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। निर्धारित सीमा क्या है, यह उस बिजनेस पर निर्भर करता है। सेवाएं दे रहे बिजनेस मालिकों के लिए सालाना लिमिट 20 लाख रुपये का टर्नओवर है। वहीं, सामान बेच रहे या सप्लाई कर रहे बिजनेस मालिकों के लिए यह लिमिट 40 लाख रुपये है। हालांकि, अगर यह किरायेदार उत्तरपूर्वी राज्यों या विशेष दर्जा प्राप्त वाले राज्य में रहता है तो उसके लिए टर्नओवर की निर्धारित सीमा सालाना 10 लाख रुपये है।

चंडीगढ़ में हुई जीएसटी परिषद की 47वीं बैठक के बाद लागू इस नए बदलाव का असर ऐसी कंपनियों या कारोबारियों पर होगा, जिन्होंने अपने बिजनेस के लिए रेजिडेंशिल प्रॉपर्टी को रेंट या लीज पर लिया है। वहीं, ऐसी कंपनियां भी इस लागत को वहन करेंगी जो रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को किराये पर लेकर इसे गेस्ट हाउस की तरह इस्तेमाल करती हैं या फिर कर्मचारियों के लिए रहने की जगह उपलब्ध कराती है। कर्मचारियों को मुफ्त में रहने की जगह देने वाली कंपनियों पर इससे लागत बढ़ जाएगी।

# नई जनरेशन की ऑल्टो के10 की बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली** । ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी मारुति सुजुकी ने अपनी नई जनरेशन की ऑल्टो के10 की बुकिंग शुरू कर दी है। मारुति सुजुकी ने ऑफिशियली कार के फ्रंट प्रोफाइल का लुक जारी किया है। यह मौजूदा ऑल्टो से बिल्कुल अलग दिख रहा है। यह पिछले ऑल्टो के10 से भी पूरी तरह से अलग है। नई ऑल्टो के10 की बात डिजाइन की बात करें तो फ्रंट प्रोफाइल में हेक्सागोनल मेश के साथ एक ब्लैक ग्रिल है, जिसमें बोनट के किनारे पर स्लीक और राउंडिश हेडलैंप हैं।

बम्पर नीचे की तरफ स्लीक एयर इनटेक के साथ तैयार किया गया दिखता है। टीजर इमेज में नई कार के टायर भी दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर लगता है कि इसमें एलॉय व्हील की जगह सिर्फ स्टील व्हील ही देखने को मिलेंगे। मारुति सुजुकी नई ऑल्टो में के केबिन में नए सिरे से डिजाइन किया गया डैशबोर्ड, इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और स्टीयरिंग व्हील के साथ नया रूप दिया है। यह टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रिक एडजस्टेबल आउट साइड रियर व्यू मिरर, कीलेस एंट्री आदि जैसी नई सुविधाओं के साथ आएगी।

# बचपन में कॉम्प्लेक्स का शिकार थी: अन्वैषी जैन



*फेमस वेब सीरीज गंदी बात गंदी बात से लाइम लाइट में आई एक्ट्रेस अन्वैषी जैन ने एक इंटरव्यू में बताया कि बचपन में वो कॉम्प्लेक्स का शिकार थी. उन्हें लगता था कि वे खूबसूरत नहीं हैं. पैरेंट्स की तरफ से पहनावे को लेकर बहुत ज्यादा रीस्ट्रिक्शन थे. ये नहीं पहनना. वो नहीं पहनना. सिर्फ सलवार सूट पहनो. कई बार मुझे लगता था कि काश मैं लड़का होती. जब मैं बाहर निकलती तो लड़के छेड़ते थे. घूर कर देखते थे. अन्वैषी ने बताया जब मैं क्लास की दूसरी लड़कियों को जींस में देखती थी तो मुझे लगता था क्या मुझमें कोई कमी है. मुझे खुद से प्यार तो था ही नहीं. बल्कि नफरत थी. अक्सर सोचती थी मैं ऐसे क्यों दिखती हूं. उस वक्त मैं थोड़ी सी मैच्योर थी. मुझे बहुत सारा अटेंशन मिलता था. जोकि मेरे लिए अनचाहा था. लोग ये नहीं बोलते थे कि तुम सुंदर हो. लोग बोलते थे ये थोड़ी हटकर दिखने वाली लड़की है. उस बुली करो. अन्वैषी की फैमिली भी काफी उन्हें हमेशा दुपट्टे से ढककर रहने देती थी सलाह. और भी कई बातें हैं जो हम आपको अगली स्टोरी में बताएंगे. फिलहाल बता दें कि अन्वैषी ने सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. बता दें, फिल्म में फ्लोरा सैनी और अन्वैषी जैन के बीच लेस्बियन सीन सुर्खियों में रहा था. 2020 में अन्वेषी को गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया था।*

## जब भी शादी करूंगी मनीष मल्होत्रा डिजाइन किया हुआ लहंगा पहेनुंगी: अनन्या पांडे

बॉलीवुड की अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्दी ही कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म लाइगर शामिल है। लेकिन इसी बीच अनन्या पांडे ने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा खुलासा




कर दिया है। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी शादी की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। सिर्फ इतना ही नहीं अभिनेत्री ने ये भी बता दिया है कि वो अपनी शादी पर किस डिजाइनर का लहंगा पहनने वाली हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में अनन्या पांडे करीना कपूर खान के मशहूर टॉक शो में नजर आई थी। इस दौरान अनन्या पांडे ने करीना कपूर के कई सवालों का जवाब अपने अंदाज में दिया है। इसी दौरान एक सवाल के जवाब में अभिनेत्री अनन्या पांडे ने ये साफ कह दिया है कि वो अपनी शादी में किस डिजाइनर का लहंगा पहनने वाली है। अनन्या पांडे अभिनेत्री ने बताया कि, वो अपनी शादी पर बॉलीवुड के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा डिजाइन किया हुआ लहंगा पहनने वाली है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनके लहंगे का रंग क्या होगा। अनन्या पांडे ने बताया कि वो मजेंटा कलर का लहंगा अपनी शादी में पहनना चाहती है जिसके लिए वो बहुत उत्साहित भी हैं। हालांकि जब करीना कपूर ने अनन्या पांडे की बात सुनकर ये कहा कि, अभी तो आप बहुत छोटी हैं इतनी जल्दी शादी की प्लानिंग। तो इसके बारे में अनन्या पांडे ने कहा कि, शादी करने का अभी कोई प्लान नहीं है लेकिन मैं जब भी करूंगी मनीष मल्होत्रा का ही लहंगा पहनेंगी। अगर हम बात करें अभिनेत्री अनन्या पांडे की काम की तो वह आने वाले दिनों में फिल्म में नजर आने वाली हैं। जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय देवरकोंडा मुख्य किरदार में होंगे।

## तीसरी बार साथ काम करेंगे टाइगर श्रॉफ और अहमद खान

फिल्म 'हीरोपंती' के पहले पार्ट की सफलता के बाद जल्द ही इसका सीक्वल भी आने वाला है. 'हीरोपंती 2' की शूटिंग 3 अप्रैल से शुरू होने वाली है. इसी के साथ ये ऐसा तीसरा मौका होगा जब अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अहमद खान तीसरी बार साथ काम करेंगे. इससे पहले वे 'बागी 2' और 'बागी 3' के लिए साथ आए थे. हीरोपंती 2 के लिए टाइगर के फैंस काफी उत्साहित हैं. वे जल्द से जल्द अपने चहेते एक्टर को बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं. मूवी की शूटिंग वैसे तो बाहर होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अभी शूटिंग मुंबई में ही होगी. एक करीबी सूत्र के मुताबिक टाइगर एक बड़े एक्शन सीक्वेंस के साथ शूट शुरू करेंगे. इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है. टाइगर के शूट शुरू करने के एक हफ्ते बाद एक्ट्रेस तारा सुतारिया शूटिंग शुरू करेंगी।

# सनी देओल के बेटे राजवीर करेंगे सूरज बड़जात्या की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू

बॉलीवुड में एक के बाद एक नए स्टार को लेकर ऐलान किए जा रहे हैं. बॉलीवुड को नए स्टार किड्स भी इन दिनों मिल रहे हैं. अब खबर है कि सनी देओल के बड़े बेटे करण देओल के बाद, उनके छोटे बेटे राजवीर देओल भी अपने फिल्म डेब्यू के लिए तैयार हैं. करण देओल को खुद सनी ने बॉलीवुड में एंट्री दिलाई थी. करण ने पल पल दिल के पास है से अपने करियर की शुरुआत की है अब उनके छोटे भाई भी



एक्टिंग में सिक्का अजमाने आ रहे हैं. करण फिलहाल एक फिल्म में ही नजर आए हैं, लेकिन फैंस को उनके दूसरे प्रोजेक्ट का इंतजार है. ऐसे में अब राजवीर के बॉलीवुड में डेब्यू की खबर सामने आने से हर किसी की निगाह अब उन पर टिक गई है. खबर के अनुसार राजवीर जिस फिल्म से डेब्यू करने जा रहे हैं, उस फिल्म को डायरेक्ट करने वाले हैं सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्याय अवनीश की भी ये डेब्यू फिल्म होगी जो पिछले दो सालों से अटकी हुई है.अविनाश इस फिल्म से अपना डायरेक्शन में डेब्यू करेंगे. खबर के अनुसार ये फिल्म ये जवानी है दीवानी पर आधारित होगी और फिल्म में कई युवा किरदार होंगे जिसके केंद्र में होंगे राजवीर और उनकी हीरोइन, ये फिल्म एक वेडिंग रॉमज़ॅम होगी. हालांकि अभी फिल्म और राजवीर के डेब्यू को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. अब करण अपनी दूसरी फिल्म अपने 2 में नजर आएंगे. इसमें वह पिता सनी देओल, चाचा बॉबी देओल और दादा धर्मेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे.आपको बता दें कि अपने 2 को अनिल शर्मा निर्देशिक करेंगे. कुछ समय पहले ही सनी देओल ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान किया था. अपने 2 का पहला पार्ट 2007 में आया था. फिल्म 'गदर का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन तो आपको याद ही होगा. जिसे देख दर्शक सिनेमाघरों में सीटी और तालियां बजाने को मजबूर हो गए थे. कुछ ऐसा ही जलवा दोबारा कायम करने की कोशिश की जा रही है. इसका खुलासा अब इस पर डायरेक्टर अनिल शर्मा ने किया है. उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि 'गदर' के मेकर्स इस समय बनने वाले सीक्वल को दिमाग रमें रखकर प्लॉट और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं. अक्सर फिल्म के सीक्वल बनाए जाने पर लीड जोड़ी बदल जाती है, लेकिन गदर के पार्ट 2 में लीड रोल में सनी देओल और अमीषा पटेल ही रहेंगे. हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मेकर्स अभी यही प्लान कर रहे हैं. इसके अलावा मूवी से जुड़े दूसरे कलाकारों से भी संपर्क किया जा रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक डायरेक्टर अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष भी इसमें लीड रोल में दिखाई देंगे।

# जल्द ही 'महावीर कर्ण' के रोल में नजर आयेंगे रणवीर सिंह!

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर रणवीर सिंह काफी समय से रुपहले पर्दे से गायब हैं. ऐसे में दर्शक उन्हें बड़े पर्दे पर देखना चाहते हैं.इस बीच फैंस के लिए बड़ी खुशबरी है, दरअसल रणवीर जल्द ही वासु भगनानी के प्रोडक्शन हाउस तले बनने वाली फिल्म 'सूर्यपुत्र महावीर कर्ण' में लीड रोल में नजर आएंगे. इसमें वे सूर्य पुत्र 'महावीर कर्ण' की भूमिका निभाएंगे. हालांकि मेकर्स या एक्टर की तरफ से इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक पूजा एंटरटेनमेंट को फिल्म के लिए रणवीर सिंह इस रोल में फिट बैठते दिख रहे हैं. इसलिए मेकर्स ने इस रोल



को लेकर रणवीर सिंह से बातचीत भी की है उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है. हालांकि, अभी भी दोनों में से किसी की तरफ से भी ये बात कंफर्म नहीं की गई है. मगर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बात फाइनल है और जल्द ही प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा. बताया जाता है कि 'सूर्यपुत्र महावीर कर्ण' हिंदी भाषा के अलावा 4 अन्य भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी. जिनमें तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम शामिल होगी. मेकर्स ने 23 फरवरी 2021 को इस फिल्म की घोषणा की थी. तभी से मेन लीड को लेकर सस्पेंस बना हुआ था. अब रणवीर सिंह का नाम सामने आ रहा है. जिससे उनके प्रशंसक काफी खुश हैं क्योंकि वे लंबे अरसे बाद अपने चहेते सितारे को बड़े पर्दे पर परफॉर्म करता देख सकेंगे।

## मैं एक नकारात्मक किरदार निभाना चाहता हूं: सूरज पंचोली

सूरज पंचोली एक खलनायक की भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं। वह एक ऐसा नकारात्मक किरदार निभाना चाह रहे हैं, जो पूरी तरह से ग्रे शेड्स और टकराव व संघर्ष से परिपूर्ण हो। सूरज ने कहा, अब तक मैंने केवल ड्रामा, एक्शन और एक डांस फिल्म का ही अनुभव लिया है। मैं एक नकारात्मक किरदार निभाना चाहता हूं, जो काफी स्तरित, ग्रे शेड्स और संघर्ष से भरा हुआ हो। एक अभिनेता के रूप में इस तरह के किरदार को निभाने का अनुभव अपने आप में ही मजेदार होगा। इसके अलावा यह काफी कुछ प्रदर्शन करने का एक मौका भी प्रदान करेगा। सूरज की नवीनतम फिल्म टाइम टू डांस पिछले हफ्ते रिलीज हुई है और वह वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म हवा सिंह की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म दिग्गज बॉक्सर कैप्टन हवा सिंह की बायोपिक है, जिन्होंने 1966 और 1970 में लगातार संस्करणों में हैवीवेट वर्ग में एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता था। वह 1961 से 1972 तक लगातार 11 बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप के विजेता भी रहे।




# उर्वशी रौतेला के इंस्टग्राम पर बढ़े फॉलोअर्स, शेयर की ये तस्वीरें



बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। वह आये दिन अपने फैंस के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह याक पर बैठी दिखाई दे रही हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। बता दें कि उर्वशी ने यह पिक्चर इंस्टाग्राम पर 3.5 करोड़ फॉलोअर्स होने की खुशी में शेयर की है। इस तस्वीर में देखा जा सकता है उनके आस-पास बर्फ गिरी हुई है। उर्वशी ने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इंस्टग्राम पर मेरे 3 करोड़ से भी ज्यादा फॉलोअर्स की संख्या पहुंचाने के लिए थैक्यू। याक पर मेरा यह फेवरेट पोज है और आपका पोज क्या है। उर्वशी के इस पोस्ट पर उनके फैंस अपने लाइक्स और कमेंटस द्वारा बेहद प्यार दे रहे हैं। वहीं इन तस्वीरों पर कई लोगों ने दिल इमोटिकॉन शेयर किया तो कई दर्शकों ने फायर इमोजी लगाई। वर्क फ्रंट की बात करें तो उर्वशी वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में दिखाई देने वाली हैं, जहां उनके साथ रणदीप हुड्डा नजर आएंगे। इस सीरीज में उर्वशी, इंस्पेक्टर अविनाश की पत्नी की भूमिका निभाएंगी। इस सीरीज का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# सिर्फ गर्मी में ठंडक के लिए ही नहीं पीते गन्ने का रस, इन बीमारियों का रामबाण इलाज भी है



गर्मियों के दिनों में आपको जगह-जगह पर गन्ने का रस मिल जाता है। वैसे गर्मियों में गन्ने के रस का स्टॉल ही ऐसा होता है जहां पर हर समय भीड़ देखने को मिल ही जाती है। लेकिन मजे की बात ये है कि इतनी ज्यादा तादात में गन्ने का जूस पीने वालें लोगों ये बात मालूम तक नहीं कि जिस गन्ने के रस को वो सिर्फ गर्मी में ठंडक के लिए पी रहे हैं तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है क्योंकि गन्ने के जूस पीने के कई और भी गुणकारी फायदे हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने वालें हैं....

### 1. कैंसर से बचाव

गन्ने के जूस में पाए जाने वाले कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन और मैग्नेशियम हमें कैंसर से लडऩे की हिम्मत देता है। गन्ने का जूस पीना ब्रेस्ट कैंसर के लिए भी काफी लाभकारी माना जाता है।

### 2. हृदय रोगों से बचाव

गन्ने का जूस का सेवन करने से दिल सम्बंधी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। गन्ने का जूस शरीर में कॉलेस्ट्रोल और ट्राईग्लिसराइड के स्तर को कम करता है जिससे मोटापा भी कम होता है और ये ब्लड सर्कुलेशन को भी ठीक रखता है।

### 3. पाचन ठीक रहता है

गन्ने के जूस में पोटैशियम काफी अच्छी मात्रा में होने की वजह से ये डायजेस्टिव सिस्टम को सही रखता है। इसके साथ ही ये पेट संबंधी बिमारियों में आराम दिलाता है।

### 4. वज़न घटाने में सहायक

गन्ने के जूस में घुलनशील फाइबर होता है जो वेट कंट्रोल के लिए सबसे अच्छा तरीका है।

### 5. डायबिटीज़ का इलाज

गन्ने का टेस्ट बहुत मीठा और प्राकृतिक शुगर से भरपूर होता है। लेकिन गन्ने के जूस में कम ग्लाइसीमिक इंडेक्स की वजह से ये डायबिटीज के मरीज के लिए अच्छा होता है।



## नींद न आने की समस्या झेल रहे व्यक्तियों में कोरोना का खतरा ज्यादा

नींद न आने की समस्या झेल रहे व्यक्तियों में कोरोना का खतरा ज्यादा हालिया अध्ययन में सामने आया है कि अनिद्रा के शिकार लोगों में कोविड-19 से संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है। लेकिन अगर इन लोगों में हर अतिरिक्त घंटे की नींद के साथ संक्रमण का जोखिम करीब 12 फीसदी तक कम हो सकता है। शोधकर्ताओं की टीम कहना है, कि अनिद्रा की बीमारी हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है, जिससे कि कोविड-19 जैसी बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। हालिया अध्ययन में सामने आया है कि अनिद्रा के शिकार लोगों में कोविड-19 से संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है। लेकिन अगर इन लोगों में हर अतिरिक्त घंटे की नींद के साथ संक्रमण का जोखिम करीब 12 फीसदी तक कम हो सकता है। शोधकर्ताओं की टीम कहना है, कि अनिद्रा की बीमारी हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है। जिससे कि कोविड-19 जैसी बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। सिर्फ गर्मी में ठंडक के लिए ही नहीं पीते गन्ने का रस, इन बीमारियों का रामबाण इलाज भी है शोधकर्ताओं ने 2,884 स्वास्थ्य कर्मचारियों के एक सर्वेक्षण के परिणामों का विश्लेषण करने के बाद ये निष्कर्ष जारी किए हैं।

## मानूसन ने बढ़ाई चिंता

देश भर में भले ही मानसूनी बारिश सामान्य से ज्यादा हुई है, लेकिन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों के अन्नदाता देर से बारिश से घबरा गए हैं। इन सूबों में अब तक इतना पानी नहीं बरसा है कि खेतों में धान की रोपाई के लिए जरूरी जल का जमाव हो सके। आंकड़े बताते हैं कि देश भर में 27 लाख हेक्टेयर कम रकबे पर धान की बुआई की गई है। इसका मतलब है कि चावल का उत्पादन कम हो सकता है। और, अगर ऐसा हुआ, तो कम से कम दो तरह की समस्याओं से हमारा सामना होगा। पहली समस्या यह कि देश भर में महंगाई बढ़ सकती है। पिछले सीजन में गेहूं का कम उत्पादन हुआ था। सरकार भी 1.87 करोड़ टन गेहूं खरीद सकी, जबकि पूर्व में चार करोड़ टन के आसपास की खरीद की जाती थी। ऐसे में, यदि चावल की पैदावार भी कम होती है, तो बाजार में इसकी कमी हो जाएगी, जिससे इसकी कीमत बढ़ सकती है। इसका दबाव स्वाभाविक तौर पर गरीब व वंचित तबकों पर सर्वाधिक होगा। दूसरी तरह की समस्या गरीब कल्याण योजना से जुड़ी है। अभी सरकार ने सितंबर तक इस योजना के तहत जरूरतमंदों को अनाज मुहैया कराने की बात कही है। अगर धान का उत्पादन कम होगा, तो चावल की सरकारी खरीद भी कम होगी। इससे खाद्य सुरक्षा के मूल मकसद को पाना मुश्किल होगा। हालांकि, अभी हम खाद्य संकट से नहीं जूझ रहे, लेकिन सावधानी जरूरी है। सरकारी गोदामों में पर्याप्त अनाज होना चाहिए। ऐसा किया जाना सिर्फ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी नहीं है, बल्कि इसलिए भी जरूरी है कि यदि महंगाई बढ़ती है, तो खुले बाजार में अनाज बेचकर सरकार इसके दाम नियंत्रित करे। हर साल सरकार खुले बाजार में अनाज बेचती है, इस बार संभवत- उसे ज्यादा अनाज मुहैया कराना पड़ सकता है। साफ है, खाद्य सुरक्षा को लेकर हमें खास सावधानी बरतनी होगी। अभी दुनिया भर में करीब 70 देश खाद्य पदार्थों की महंगाई से मुकाबला कर रहे हैं, और रूस-यूक्रेन जंग ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को इस कदर प्रभावित किया है कि विकासशील देशों में खाद्यान्न संकट गहराने लगा है। हम ऐसे किसी संकट में न फंसे, इसके लिए केंद्र सरकार को विशेष पहल करनी होगी। यहां यह तर्क बेमानी है कि चावल का निर्यात रोककर सरकार जरूरी अनाज का भंडारण कर सकती है। वास्तव में, हम बासमती चावल का ही निर्यात करते हैं, जिसका खाद्य सुरक्षा में बहुत ज्यादा महत्व नहीं है। हमें मुख्य अनाज का भंडारण करना होगा। संभव हो, तो प्रधानमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना को सितंबर से बढ़ाकर कम से कम मार्च, 2023 तक किया जाना चाहिए, ताकि महंगाई की मार झेल रही जनता को कुछ हद तक राहत मिल सके। दिक्कत यह है कि मौसम पर हमारा कोई वश नहीं है। उम्मीद यही थी कि इस साल अच्छी-खासी बारिश होगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। दुर्भाग्य से इसका असर उन राज्यों में दिख रहा है, जहां चावल का उत्पादन अधिक होता है। इसके बरअक्स, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान जैसे राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है, जहां खेती-बाड़ी से जुड़ा बुनियादी ढांचा भी काफी बेहतर है। ऐसी स्थिति में हमें उत्तर भारत के किसानों को पर्याप्त सुरक्षा देनी होगी। इसके लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं, जैसे सरकार यहां के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाजों की खरीद करे। इससे अन्नदाताओं की आय बढ़ेगी। बिहार जैसे राज्यों में अनाजों की बिल्कुल भी सरकारी खरीद नहीं होती, जबकि झारखंड में नाममात्र की खरीदारी की जाती है।

# दिल्ली के पुराने सचिवालय व विधान सभा की अनकही कहानी: खबरीलाल



विश्व के प्रजातंत्र की जननी भारत,भारत की राजधानी दिल्ली दिल्ली हमारी ऐतिहासिक विरासत को अपनी दिलोजान से संजोय व संवार कर रखने वाली दिल्ली।जी हाँ मै दिल बालों की शहर दिल्ली की बात कर रहा हूँ % इन दिनों सभी के जुबान पर एक चर्चा है कि अपना देश भारत अपनी आजादी का 75 वर्ष पुरे करने जा रहा है।इस अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।केन्द्र सरकार द्वारा पुरे बर्ष चले वाले सरकारी कार्यक्रम आयोजित किये गये।केन्द्र सरकार ने इस वर्ष को अमृत महोत्सव को अमृत काल से नबाजा है। वही केन्द्र की सरकार ने हर घर तिरंगा ,तो दिल्ली की सरकार द्वारा हर हाथ तिरंगा का नारा दिया जा रहा है।दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के विभिन्न जगहों पर 166 फीट का 500 तिरंगा फहरा कर नया इतिहास रचते हुए एक नारा दिया है कि इण्डिया को न01बनाना है।यह तभी सम्भव है।जब सभी भारत वासी अपने राष्ट्र धर्म का निर्वाह करेंगें।राष्ट्रप्रेम के रंग में अपने आप को सराबोर कर उन स्वतंत्रता के वीर वॉकूरों को याद किया जाय।स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के उन गुमनामी शहीदों को याद कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी जाय।इसी क्रम में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उन गुमनामी की कहानी का जीता जागरण दिल्ली की कुछ ऐतिहसिक धरोहर आज भीअपनी बेजुबानी से एक अनकही कहानी कह रहा है।जररूत है उस जगह जा कर कुछ पल विताने की है।उसके बारे जानने की।ऐसे आज मै आप के दिल्ली के एक ऐतिहासिक जगह के बारे में बताने जा रहे है।हो सकता है डिआप में से कुछ लोग ये जानते होगे।दिल्ली का पुराना सचिवालय ,जहाँ दिल्ली का विधान सभा भी है।दिल्ली के विधान सभा की ऐतिहासिक यात्रा की कुछ कही,कुछ सुनी,कुछ अनकही यह कहानी है। इस संदर्भ मे मुझे विधान सभा के परिसर में आयोजित एक हास्य कवि के दौरान दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल के द्वारा दिये गये उद्बोधन के दौरान पता चला कि दिल्ली के पुराने सचिवालय व विधानसभा का अपना ऐतिहासिक इतिहास है। अध्यक्ष के अनुसार दिल्ली विधान सभा का गठन पहली बार 7 मार्च 1952 को गवर्नमेंट ऑफ पार्ट सी स्टेट्स एक्ट,1951 के तहत किया गया था । जिसका उद्घाटन तत्कालीन गृहमंत्री के एन काटजू ने किया। दिल्ली के इस नवगठित विधानसभा में कुल 48 सदस्य थे, तथा दिल्ली के मुख्य आयुक्त की सलाहकार भूमिका में एक मंत्रिपरिषद का गठन किया गया % हालाकि इस मंत्रिपरिषद को कानून बनाने की शक्ति प्रदान की गई थी।पहली मंत्रिपरिषद का नेतृत्व चौधरी ब्रह्म प्रकाश ने किया,जो वाद में दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने।हॉलाकि सन1953 में स्थापित राज्य पुनर्गठन आयोग ने राज्यपुनर्गठन अधिनियम 1956 के माध्यम से संवैधानिक संशोधन का नेतृत्व किया,जो1नवंबर 1956 को लागू हुआ।इसका मतलब था कि दिल्ली अब एक पार्ट-सी राज्य नहीं था और इसे एक संघ बना दिया गया था।भारत के राष्ट्रपति के प्रत्यक्ष प्रशासन के अधीन क्षेत्र होने के साथ ही दिल्ली विधानसभा और मंत्रिपरिषद को एक साथ समाप्त कर दिया गया।इसके बाद दिल्ली नगर निगम अधिनियम सन1957 अधिनियमित किया गया।परिणान स्वरूप दिल्ली नगर निगम का गठन हुआ।सन 1966 के सितंबर माह में÷दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन एक्ट1966÷ के साथ विधानसभा की जगह दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल ने 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल को इसके प्रमुख के रूप में बदल दिया।हालाँकि परिषद के पास कोई विधायी शक्ति नहीं थी,केवल दिल्ली के शासन में एक सलाहकार की भूमिका थी।यह व्यवस्था सन 1990 तक कार्य करती रही।इस परिषद को अंतत संविधान के 69वें(उनसठवेंसंशोधन)अधिनियम1991 के माध्यम से दिल्ली विधान सभा द्वारा प्रतिस्थापित किया गया,इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली अधिनियम, 1991 की सरकार द्वारा भारत के संविधान में 79 वाँ (उनहत्तरवां) संशोधन किया गया,जिसने घोषणा की केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के रूप में जाना जाता है और यह विधान सभा और मंत्रिपरिषद और संबंधित मामलों से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों का पूरक है। विधान सभा का चयन पाँच साल की अवधि के लिए किया जाता है आजादी के अमृत महोत्सव सम्पूर्ण देश मनाया जा रहा है। आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं,उस खुली हवा को देने के लिए अनगिनत लोगों ने अपनी जान कुर्बान कर दी ,उन्हें ना

केवल याद करना है बल्कि उनके सपनों को पुरा करना है।आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनेकों कार्यकम आयोजित की जा रही है। मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल नें इसी क्रम में विगत दिनो दिल्ली विधान सभा परिसर में पुनर्निमित फांसी घर का भी उद्घाटन किया गया है।यह फांसी घर अंग्रेजों के जमाने का है।यह विधानसभा काफी पुरानी है।यह अंग्रेजों के जमाने का स्ट्रक्चर है।किसी को पता नहीं था कि यहां पर फांसी घर है।सिर्फ लोग कहते थे कि यहां एक फांसी घर है।किसी ने ताला तोड़कर उसके अंदर जाने की हिम्मत नहीं की।विधानसभा अध्यक्ष जी ने ताला तुड़वाया और अंदर गए तब देखा कि किस तरह से एक साथ दो लोगों को फांसी देने का सिस्टम बना हुआ है।एक बार तो देखकर दिल दहल जाता है।आप जब कल्पना करने की कोशिश करते हैं कि किस तरह से हमारे वीरों को यहाँ पर फांसी दी जाती होगी,तो बड़ी घबराहट सी होती है। आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं,उस खुली हवा को देने के लिए कितने अनगिनत लोगों ने अपनी जान कुर्बान कर दी अंग्रेजों के शासन काल एक कोर्ट लगता था। विधान सभा परिसर में एक फांसी घर है।जिसका गुप्त सुरंग से लाल किला तक है।लाल किले के अन्दर कैद किये गये स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी को कैदी बना कर रखा जाता था।ना जाने ऐसे ही देश भर में कितने फांसी घर होंगे,जहां पर अनगिनत लोगों को फांसी पर लटकाया गया,उसकी अनगिनत शहादत के बाद हमें यह आजादी मिली है।आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन सब लोगों को भी याद करने का मौका है,जिन लोगों ने हमें आजादी दिलाने के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। हमारा फर्ज बनता है कि हम सब लोग मिलकर ऐसा भारत बनाएं,जो अपनी शहादत देने वाले लोगों का सपना था। अभी यह कहते हुए आप से विदा लेने का वक्त आ गया है कि-ना ही काहूँ से दोस्ती,ना ही बैर।खबरीलाल तो माँगे,सबकी खैर ॥

फिर मिलेगे तिरक्षी नजर से , तीखी खबर के संग ।इससे पहले खबरी लाल अपने मित्रजनों , प्रिय पाठक जनों व शुभ चिन्तकों को अगामी 76वें स्वतंत्रता दिवस की अग्रमि शुभ कामनाएं ।

## सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकर्षण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं। कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में

## सरकार की लक्ष्मण रेखा के अंदर न्यायपालिका

सतन कुमार जैन

सरकार ने न्यायपालिका के लिए एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है। न्यायपालिका भी सरकार द्वारा खींची गई लक्ष्मण रेखा से बाहर निकलने का हौसला नहीं बना पा रही है। संविधान ने विधायिका एवं कार्यपालिका के लिए लक्ष्मण रेखा तय की थी। वहीं न्यायपालिका को नागरिकों के मौलिक अधिकारों और संविधान की रक्षा के करने का दायित्व देकर विधा?यिका और कार्यपालिका पर अंकुश लगाने की शक्तियां न्यायपालिका को दी हैं। संविधान के अनुरुप विधायिका की लक्ष्मण रेखा न्यायपालिका को तय करना थी। न्यायपालिका के कमजोर होने से सरकार ने ही न्यायपालिका को ही लक्ष्मण रेखा के अंदर रहने विवश कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से न्यायपालिका में एक नया चलन देखने को मिल रहा है। सुनवाई के दौरान अथवा विभिन्न कार्यक्रमों में न्यायपालिका के शीर्ष न्यायाधीश बहुत सारे उपदेश सार्वजनिक रूप से देते हैं। हाईकोर्ट या सुप्रीमकोर्ट के निर्णयों में उपदेश के अनुरुप मंशा नहीं दिखती है। ऐसी स्थिति में आम-आदमी के मन में यह धारणा बनने लगी है, कि न्यायपालिका ÷पर उपदेश कुशल बहुतेरे÷ की तरह उपदेश देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। इससे लोगों में निराशा उत्पन्न हो रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकीलों ने भी सार्वजनिक रूप से न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति और नाराजी जाहिर की है। फेक न्यूज़ और गलत सूचनाओं का दौर चल रहा है। मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों भी समय-समय पर चिंता जाहिर की है। न्यायाधीशों द्वारा सरकार, पत्रकारों और आम-आदमियों को फेक न्यूज़ और गलत सूचनाओं से बचने की सलाह दी जाती है। किंतु फेक न्यूज के मामले में न्यायालयें चुप्पी साध लेती है। पत्रकारों पर सही सूचनाओं को प्रकाशित करने पर सरकारों, पुलिस और जांच एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। ऐसे मामलों में न्यायपालिका मीडिया की सुरक्षा के स्थान पर चुप्पी साध लेती है। इससे पत्रकारों में डर और भय का वातावरण बना है। नूपुर शर्मा मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीमकोर्ट ने जो चिंता कोर्ट रुप में व्यक्त की थी। सुनवाई के दौरान जो बातें कही



थी। उस पर कोई अमल नहीं हुआ। उल्टे न्यायाधीस के खिलाफ जबरदस्त फेक न्यूज़ ट्रोल हुई। सुप्रीमकोर्ट ने उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की। उल्टे नूपुर शर्मा वाले मामले में कुछ समय के बाद राहत देते हुए, फैसले में ऐसा कुछ नहीं लिखा, जिससे न्यायपालिका की साख बढ़ती। फेक न्यूज पर रोक लगती।

संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व न्यायपालिका को दिया है। संविधान ने विधायिका एवं कार्यपालिका के किसी भी कानून अथवा निर्णय पर सुनवाई करने एवं नागरिकों के मौलिक अधिकार को बनाए रखने का दायित्व न्यायपालिका को देकर सर्वोच्चता प्रदान की है। पिछले 70 वर्षों में न्यायपालिका ने कई बड़े ऐतिहासिक फैसले दिए हैं। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को गवाही देने के लिए न्यायालय में पेश होना पड़ा। प्रधानमंत्री रहते हुए उनको अयोग्य करार दिया। कई ऐसे निर्णय दिए हैं, जिसमें सरकार ने मौलिक अधिकारों को अप्रत्यक्ष रूप से बाधित करने के कानून बनाये थे। उन कानूनों को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया था। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के आदेशों से लोकतांत्रिक व्यवस्था को काफी मजबूती मिली थी। सरकारें और अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति न्यायपालिका के डर से ठीक तरीके से काम करते थे। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट द्वारा दिए गए, आदेशों का पालन सरकार और उनके अधिकारी पिछले कई वर्षों से नहीं कर रहे हैं। सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट में मौलिक अधिकारों तक नागरिक स्वतंत्रता से संबंधित जो याचिकाएं सुनवाई के लिए जाती है। उन पर सुनवाई तत्काल नहीं होती है। सरकार ऐसे मामलों को टालती है। कोर्ट में सरकारी पक्ष को प्राथमिकता दी जाने लगी है। जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट ने जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है। ऐसी स्थिति में संवैधानिक हितों को लेकर जो स्वयं सेवी तथा मानव अधिकार से जुड़े संगठन याचिकाएं दायर करते थे। उन्होंने भी अब न्यायालय की शरण में जाना बंद कर दिया है। याचिकाकर्ताओं के ऊपर लाखों रुपए का जुर्माना लगाने की जो नई प्रथा न्यायपालिका में शुरू की गई है । उससे लोगों में न्यायपालिका के प्रति जो आस्था थी, वह धीरे-धीरे होने लगी है।

# अब दो मोदी विरोधियों के बीच सन्घर्ष संभव...?

### सूडोकु नवताल- 6162

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6161 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

ओमप्रकाश मेहता



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ताल ठोंककर भाजपा के खिलाफ मैदान में आने के बाद अब प्रतिपक्ष में भी दो खेमें बनने की संभावनाएं बढ़ गई है, क्योंकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी पहले से ही संयुक्त प्रतिपक्ष की नेता होने का दावा पेश करती आ रही है और अब नीतीश कुमार की मौजूदा राजनीतिक भूमिका ने विपक्ष के भी दो गुटों में विभाजित होने की संभावना बढ़ गइ है और यह भी लगभग तय हो गया है कि जो गैर भाजपाई प्रतिपक्षी दल नीतीश के साथ बिहार की सरकार में शामिल है, वे तो नीतीश के साथ है ही जिनमें कांग्रेस व राजद भी शामिल है, यद्यपि फिलहाल उत्तरप्रदेश के दोनों प्रमुख प्रतिपक्षी दलों समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने मौजूदा राजनीतिक माहौल में अपनी स्थिति साफ नहीं की है, किंतु यह तय है कि ये दोनों ही प्रमुख दल मोदी विरोधी तो है ही, अब अभी यह साफ होना शेष है कि ममता का नेतृत्व कितने प्रतिपक्षी दल स्वीकार करते है? वैसे नीतीश कुमार की मौजूदा राजनीतिक भूमिका ने मोदी विरोधियों में खलबली तो मचा ही दी है।

बिहार की नीतीश सरकार में भाजपा के शामिल होने तक ममता ही एक मात्र प्रबल मोदी विरोधी नेता मानी जा रही थी, ममता ने पूरे प्रतिपक्ष को अपने साथ रखने और उसका नेतृत्व करने के प्रयास भी शुरू कर दिए थे, यही नहीं 2024 के आम चुनाव के लिए उसने प्रधानमंत्री पद सहित कई अन्य इरादे पेश करना भी शुरू कर दिए थे, किंतु अचानक भाजपा से नाता तोड़कर मोदी जी के खिलाफ नीतीश कुमार के मैदान में आ जाने के बाद यही समझा जाने लगा है कि नीतीश की नजर 2024 चुनाव के बाद प्रधानमंत्री पद पर है और उन्होंने उसकी तैयारी भी शुरू कर दी है।

अब यदि मौजूदा राजनीतिक चुनौतियों के इस दौर में उसके भविष्य की चर्चा करें और प्रतिपक्षी दलों की ख्वाहिशों की कल्पना करें तो देश का पूरा प्रतिपक्ष कुछ बिखरा-बिखरा सा नजर आने लगा है, क्योंकि मुख्य प्रतिपक्षी व देश का पुराना दल कांग्रेस चाहे बिहार की नीतीश सरकार में शामिल हो, किंतु वह प्रतिपक्षी दल के हिसाब से अपनी स्वयं की अलग अहमियत रखता है और उसके लिए यह संभव नहीं लगता कि वह भावी प्रधानमंत्री पद के लिए किसी अन्य का नेतृत्व स्वीकार करें? जहां तक नीतीश के प्रमुख सहयोगी दल राजद का सवाल है, उसके लिए लालू जी की विगत भूमिकाएं किसी से भी छिपी नहीं है? और जहां तक ममता बैनर्जी का सवाल है, वे कांग्रेस को अपने अधीन रखने का दावा अवश्य कर रही है, किंतु उसमें कितनी सच्चाई है यह रहस्य किसी से भी छुपा हुआ नहीं है?

यद्यपि इसमें भी कोई दो राय नहीं कि आठ साल तक एकछत्र राज करने वाले मोदी जी की लोकप्रियता कर ग्रॉफ अब धीरे-धीरे नीचे गिरने लगा है, पिछले गुरूवार को एक प्रमुख समाचार चैनल ने अपने विशेष कार्यक्रम में देश को यह बताने की कौशिश की कि यदि आज लोकसभा चुनाव करवाये जाते है तो देश का राजनीतिक भविष्य क्या होगा? इस कार्यक्रम में मोदी जी व उनकी सरकार व दल की लोकप्रियता के जो आंकड़े पेश किए गए उनमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि मोदी जी आज भी मजबूत नेता अवश्य है किंतु इतने नहीं जितने कि 2014 या 2019 के चुनाव के समय थे, उनकी लोकप्रियता का ग्रॉफ गिरा है और यदि आगामी अठारह महीनों में प्रतिपक्ष और मजबूत हो जाता है तो मौजूदा राजनीतिक परिदृष्य में फैरबदल हो भी सकता है, पर यह सब कुछ मोदी जी की कथित रूप से विवादित नीतियों व उनकी गिरती छवि पर है और चूंकि इसमें प्रतिपक्ष की भूमिका भी अहम् है, इसलिए प्रतिपक्ष से उम्मीद की जा रही है कि वह एकजूट रहे अभी से देश के आम वोटर का विश्वास अर्जित करने का प्रयास करें। प्रतिपक्ष को फिलहाल एकजूट रहकर अपना मूल उद्धेश्य मोदी की लोकप्रियता के ग्रॉफ को नीचे लाकर खुद के प्रति विश्वास का ग्रॉफ ऊपर लाने का प्रयास करना चाहिये।

## चीन और भारत की नोंक-झोंक

डॉ वेदप्रताप वैदिक

आजकल भारत और चीन के बीच काफी नरम-गरम नोंक-झोंक चलती नजर आती है। गलवान घाटी विवाद ने तो तूल पकड़ा ही था लेकिन उसके बावजूद पिछले दो साल में भारत-चीन व्यापार में अपूर्व वृद्धि हुई है। भारत-चीन वायुसेवा आजकल बंद है लेकिन इसी हफ्ते भारतीय व्यापारियों का विशेष जहाज चीन पहुंचा है। गलवान घाटी विवाद से जन्मी कटुता के बावजूद दोनों देशों के सैन्य अधिकारी बार-बार बैठकर आपसी संवाद कर रहे हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भारतीय और चीनी विदेश मंत्री भी आपस में मिले हैं। इसी का नतीजा है कि विदेशी मामलों पर काफी खुलकर बोलनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के विरुद्ध लगभग मौन दिखाई पड़ते रहे। यही बात हमने तब देखी, जब अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर जबर्दस्त हंगामा हुआ। पेलोसी की ताइवान-यात्रा के समर्थन या विरोध में हमारे प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की चुप्पी आश्चर्यजनक थी लेकिन यह चुप्पी अब टूटी है। क्यों टूटी है? क्योंकि चीन ने इधर दो बड़े गलत काम किए हैं। एक तो उसने सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नागरिक अब्दुल रउफ अज़हर को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव का विरोध कर दिया है और दूसरा उसने श्रीलंका के हंबनतोता बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज ठहराने की घोषणा कर दी थी। ये दोनों चीनी कदम शुद्ध भारतविरोधी हैं। अजहर को अमेरिका और भारत, दोनों ने आतंकवादी घोषित किया हुआ है। चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने का यह दुष्कर्म पहली बार नहीं किया है। लगभग दो माह पहले उसने लश्करे-तय्यबा के अब्दुल रहमान मक्की के नाम पर भी रोक लगवा दी थी। इसी प्रकार जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद को आतंकवादी घोषित करने के मार्ग में भी चीन ने चार बार अडंगा लगाया था। अब्दुल रउफ अजहर पर आरोप है कि उसने 1998 में भारतीय जहाज के अपहरण, 2001 में भारतीय संसद पर हमले, 2014 में कठुआ के सैन्य-शिविर पर आक्रमण और 2016 में पठानकोट के वायुसेना पर हमले आयोजित किए थे। चीन इन पाकिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण दे रहा है लेकिन उसने अपने लाखों उइगर मुसलमानों को यातना-शिविरों में झोंक रहा है। ये पाकिस्तानी आतंकवादी उन्हें भी उकसाने में लगे रहते हैं। यह मैंने स्वयं चीन के शिन-च्यांग प्रांत में जाकर देखा है।

# मुरैना और दिमनी विधायक सहित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को दिया पत्रकारों ने ज्ञापन







## पत्रकारों की समस्या विधानसभा तक ले जाने का जनप्रतिनिधियों ने दिया आश्वासन

**मुरैना।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना मुरैना विधायक राकेश मावई और दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर भिड़ोसा ने पत्रकारों की समस्या को विधानसभा के पटल तक रखने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन के अधिकारी कानून की सभी मर्यादाओं को भूल कर अपनी मनमानी कर रहे हैं जिसका परिणाम यह है कि न केवल अधिकारियों से कर्मचारी त्रस्त नहीं है बल्कि शासन और प्रशासन के खिलाफ भी जनता में जन आक्रोश पनप रहा है उसी का परिणाम है कि आज पत्रकार अधिकारियों के विरुद्ध में 9 दिन से विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांग शासन मनवाने के लिए प्रयासरत हैं। विदित हो पिछले 9 दिनों से मुरैना जिले में पत्रकारों का जो आंदोलन चल रहा था, उस क्रम में शनिवार को सभी स्थानीय विधायकों को ज्ञापन देकर जिलाधीश मुरैना को हटाने और सूबेदार मलखान सिंह को निलंबित कर विभागीय जांच की मांग कर रहे हैं। पत्रकारों ने दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर, मुरैना विधायक राकेश मावई और जौरा विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार सहित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कलेक्टर को मुरैना से हटाने की मांग की। पत्रकारों की इस मांग पर मुरैना जिले के तीनों विधायक और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है, यह बात जल्द ही मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर कलेक्टर को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। यही नहीं सत्ता दल के विधायक हो या विपक्ष के सभी ने यह माना कि मुरैना जिले में कलेक्टर वी कार्तिकेयन ने अराजकता का माहौल पैदा कर दिया है। आम जनता की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं है और अगर जनता सरकार की सीएम हेल्पलाइन सुविधा 181 पर शिकायत करती है तो अधिकारियों द्वारा जबरन शिकायत को वापस कराने अथवा उसे असत्य बताकर पोर्टल से हटा दिया जाता है ताकि मुख्यमंत्री को यह लगे प्रशासनिक अधिकारी जनता की समस्याओं का तुरंत निदान कर रहे हैं। इस तरह की कार्यप्रणाली से सरकार की छवि आम जनमानस में नकारात्मक होती जा रही है जो आगामी समय में सत्ता के खिलाफ जनाक्रोश को जन्म दे रही है। इन सारी समस्याओं को रखते हुए पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कसाना पार्टी और सरकार के मुखिया से बात कर अधिकारियों का स्थानांतरण कराएंगे साथ उनके विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएगी। इसी तरह मुरैना विधायक राकेश मावई, विधायक रविंद्र सिंह तोमर, सबलगढ विधायक बैजनाथ कुशवाह ने मीडिया कर्मियों की मांगों का समाधान कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात कहते हुए कहा कि आगामी 13 सितंबर से शुरू होने वाली विधानसभा में भी तारांकित प्रश्न लगाकर पत्रकारों के हितों की बात सरकार के समक्ष रखने की बात कही ।

## ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के तहत झुण्डपुरा में घर घर झंडा वितरण

**झुण्डपुरा।** मुख्यालय पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आजादी के 75वाँ अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान प्रत्येक घर



पर तिरंगा वितरण किया गया। तिरंगा वितरण का कार्यक्रम बस स्टैंड से शुरू शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सदर बाजार बस स्टैंड से होते सभी वार्डों में किया जा रहा है। बस स्टैंड पर भारतीय स्टेट बैंक से झंडा वितरण की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी तथा उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा ने की। रैली के माध्यम से घर-घर लोगों को जागरूक करने के लिये तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रत्येक मकान, दुकान, प्रतिष्ठान, वाहन पर तिरंगा लगाकर अमृत महोत्सव को 13 से 15 अगस्त तक धूमधाम से मनाना है। इस प्रकार का यह संदेश सभी के घर-घर पहुंचकर दिया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनीषा अनिल बल्ली सोनी, उपाध्यक्ष यशकांत शर्मा, अनिल सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, नोडल अधिकारी सुरेश गोयल, सहायक नोडल अधिकारी विनोद बाथम, अंकित बंसल, हेमंत शर्मा, नागेन्द्र मोर्य, विजय सिंह, रामेश्वर जाटव, नगरपालिका का समस्त स्टाफ एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## भव्य स्वरूप में मनेगा आजादी का उत्सव

**जौरा।** शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय जौरा में 15 अगस्त पर आयोजित होने वाले खंड स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का बीईओ बीके शर्मा, बीआरसी मुन्नालाल यादव के मार्गदर्शन में चयन



समिति के द्वारा चयन किया गया, जिसमें 4 विद्यालयों का मुख्य कार्यक्रम में प्रस्तुतीकरण के लिए चयन किया गया है। चयन समिति में जवाहर नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक राम लखन यागिक, कॉलेज की प्राचार्य डॉ वसुंधरा गोयल, कन्या विद्यालय के प्राचार्य संजय शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर एचएल ग्रुप के एलएन त्यागी, कवि राजू शर्मा, शिक्षक माधव त्यागी आदि उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने सिहोरी में निकाली तिरंगा यात्रा

**मुरैना।** शनिवार को सिहोरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन शिक्षक संघ के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में गांव के सरपंच श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी मेहताब सिंह सिकरवार उपस्थित रहीं तथा अध्यक्षता मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार द्वारा की गई।

इस अवसर पर श्रीमती सिकरवार ने उद्बोधन में कहा कि देश के तिरंगे की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। सरपंच के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि सिहोरी के समस्त मजरे एवं दोनों पर झंडों का वितरण किया जाएगा तथा ग्राम के विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे एवं अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य को करेंगे। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें अपने देश की रक्षा के लिए तत्पर हमेशा तैयार रहना चाहिए और हमारे भारत देश के अनेकों देश भक्त वीर शहीदों ने इस तिरंगे की आन, बान, शान पर अपने प्राण न्योछावर किए, ऐसे वीरों की जीवनी से बच्चों में सत्य, अहिंसा,



त्याग बलिदान की शिक्षा की चर्चा करें। हमारी युवा पीढ़ी जिन शहीदों स्वतंत्रता सेनानियों को भूल रहे हैं, उनको याद करने के लिए और देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में दिनेश सिंह सिकरवार, वीरेंद्र कुलश्रेष्ठ, श्रीकुमार सिकरवार, धर्मेंद्र शर्मा, प्रेमचंद गोड, आकाश कुलश्रेष्ठ, उपेंद्र सिकरवार, भूपेंद्र सिकरवार, कन्हैया सिंह, संदीप सिंह, अंजू राठौड़ प्रविल्ला लकड़ा, सपना सिकरवार, शिल्पी मोरे एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीण उपस्थित हुए।

# सीए की पढ़ाई कर रहे व्यापारी पुत्र को पुलिस ने पीटा और रात भर रखा हवालात में

**मुरैना।** शहर पुलिस गुंडे बदमाशों को छोड़कर संभ्रांत लोगों को परेशान करने में लगी हुई है। रक्षाबंधन पर घर आए व्यापारी पुत्र जब देर रात को अपने परम मित्र के घर से लौट रहा था, तभी पुलिसकर्मी ने उसे रोककर सरेआम पीटा और अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाकर फिर से पिटाई की तथा रात भर कोतवाली में बंद रखा। यह घटना जब सुबह व्यापारी एवं उनके शुभचिंतकों को लगी तो वह कोतवाली पहुंचे, तब पुलिस ने व्यापारी पुत्र और उसके मित्र को छोड़ा। शहर में पुलिस की गुंडागर्दी से आमजन परेशान हैं, जबकि बदमाश खुलेआम घूम रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चीनी हलवाई के नाम से दुकान करने वाले अमित मंगल का पुत्र अनीस मंगल बाहर रहकर सीए की पढ़ाई कर रहा है। 11 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन वह मुरैना आया हुआ था और रात्रि 10:30 बजे लोहिया बाजार में रहने वाले अपने मित्र विशाल जैन के यहां रुक गया, जहां बातचीत करने एवं खाना खाने में लेट हो गया। रात्रि करीब 1:45 बजे अनीस मंगल पैदल लोहिया बाजार से अपने घर के लिए जाने लगा, तो बिहारी जी मंदिर के पास एक पुलिसकर्मी ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर मारपीट कर डाली। इस दौरान पुलिसकर्मी ने सेट पर चर्चा करते हुए दो तीन पुलिसकर्मियों को बुला लिया, जो गाड़ी से आए, उन्होंने भी उसकी मारपीट की। अनीश ने अपने मित्र विशाल जैन को बुलाया तो उसकी भी आरोपियों ने मारपीट कर दी और दोनों को कोतवाली ले जाकर हवालात मैं बंद कर दिया। यहां पुलिस की हैवानियत कम नहीं हुई और दोनों युवकों के कपड़े उतरवाने लगे, विरोध करने के बाद विशाल जैन के कपड़े उतरवा दिए गए और रात भर उनको हवालात में बंद कर रखा। कोतवाली पुलिस की हालत इन दिनों किसी से छिपी नहीं है। थाने में अधिकांश पुलिस कर्मचारी आम जनता को परेशान करने में लगे हुए हैं। अनीस मंगल ने बताया कि बिहारी जी मंदिर पर मारपीट के दौरान उसके द्वारा मोबाइल से रिकॉर्डिंग की गई तो पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छुड़ा लिया और रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी।

# पुस्तकालय का उद्घाटन करने गए जिला पंचायत सदस्य पर हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

**मुरैना।** शनिवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के जीवाजी गंज इलाके में पुस्तकालय का उद्घाटन करने गए जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह सिकरवार मिंटू पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया और हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे और जिला पंचायत सदस्य की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरा के आधार पर हमलावरों की पहचान कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली के अंतर्गत गोपालपुरा मुरैना निवासी भानु प्रताप सिंह सिकरवार मिंटू पुत्र विद्याराम सिंह सिकरवार जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस नेता शनिवार की दोपहर 12:45 बजे के लगभग जीवाजी गंज में एक पुस्तकालय का उद्घाटन करने के लिए अंदर गए, जैसे ही वह अंदर पहुंचे तो आरोपी अनुज भदौरिया, सुधीश कंसाना एवं सौरभ पंडित आदि भी अंदर आ धमके और हाथ पकड़कर बाहर खींचने लगे तथा कहा कि बहुत बड़ा नेता बन रहा



है, तुझे अभी बताते हैं, बाहर लाकर उन्होंने अवैध पिस्टल निकालते हुए हवाई फायर किए एवं श्री सिकरवार की स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। यह घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाल योगेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करते हुए जिला पंचायत सदस्य भानु प्रताप की रिपोर्ट पर से आरोपीगणों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

## जन शिक्षण संस्थान ने किया तिरंगा रैली का आयोजन

**भिण्ड।** शनिवार को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' अभियान को सफल बनाने के लिए संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षक, एवं प्रशिक्षणार्थियो के साथ जागरूकता रैली



का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व जन शिक्षण के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा किया गया। रैली जन शिक्षण संस्थान कार्यालय बीरेन्द्र वाटिका से शुरू होकर राधा कॉलोनी, गौरी किनारा, माधोगंज हाट, ल्हार रोड होते हुये पुनः बीरेन्द्र वाटिका पर समापन हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी उपस्थितजनो द्वारा बंदेमातरम व भारत माता की जय के नारे लगाये गये।

# नाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, दूर दराज से अखाड़े में पहुंचे पहलवान

**मुरैना।** शनिवार को सैयद नहर के पास नाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दूरदराज क्षेत्रों से पहलवानों ने हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर सैयद नहर के पास नाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आये पहलवानों ने नाल उठाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अखाड़े में श्रीराम अखाड़े एवं मध्यप्रदेश के केसरी पहलवानों की प्रतियोगिता कराई गई। अखाड़े के



संचालक शेरा तोमर, विशाल पहलवान, रामू पहलवान, भारत केसरी, ध्रुव पहलवान, भूरा पहलवान, जीतू पहलवान सहित कई लोगों ने मिलजुल कर प्रतियोगिता का आयोजन कराया। नाल प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 1 से 5 बजे तक किया गया। प्रथम स्थान पर मध्य प्रदेश केसरी पहलवान नरोत्तम झाड़ोली डबरा के द्वारा 100 किलो की नाल उठाकर सुंदर प्रदर्शन किया गया, इसके साथ ही दूसरे स्थान पर सतीश पहलवान जरारो के द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसमें दूसरे पहलवान को 3100 रुपए नगद पुरस्कार शेरा पहलवान और उनकी टीम के द्वारा दिया गया। अखाड़े के व्यवस्थापक भुखन तोमर की अहम भूमिका दंगल में रही।

# अंडरब्रिज निर्माण की मांग के लिए 11वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

**कैलारस।** नगर में नेरोगैज से ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य जारी है। इसमें गांधी मार्ग से आंतरी के बीच किसी तरह का कोई आवागमन का रास्ता नहीं रखा गया है। अस्पताल के सामने कृष्ण मार्ग, कुशवाह मोहल्ला, बाल्मीकि मोहल्ला, इस्लाम मार्ग, प्रजापति मोहल्ला, सहित लगभग 10 हजार आबादी अस्पताल के लिए कृष्ण मार्ग के सामने से ही परंपरागत रूप से 50 - 60 वर्षों से आती जाती है। ब्रॉड गेज का निर्माण पूर्ण होने के बाद अस्पताल के लिए आवागमन का रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा। यहां तक कि कॉलेज रोड ,पहाड़गढ़ रोड आदि का श्मशान और कब्रिस्तान का रास्ता भी बंद हो जाएगा।




नागरिकों की ओर से लगातार शासन व प्रशासन से मांग की जा रही है आज 11वें दिन भूख हड़ताल जारी है। परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस बीच ज्ञापन दिए गए, तिरंगा यात्रा निकाली गई, विधायक ने आश्वासन दिया, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया। परंतु कोई ठोस कार्यवाही होती हुई नहीं दिख रही है। इससे नागरिकों में निराशा और असंतोष व्याप्त है। आज भूख हड़ताल पर बैठने वालों में ओमप्रकाश श्रीवास, ओ पी सरकार, गब्बर सिंह गोहिल, राजू शाक्य प्रमुख हैं। इनको वरिष्ठ नेता महेश प्रजापति ने माल्यार्पण कर बिठाया है। आगे भी भूख हड़ताल और अन्य आंदोलन जारी रहेंगे। नागरिकों की ओर से सरकार से मांग है कि मरीजों की स्थिति को देखते हुए खासतौर से प्रसूति व गंभीर बीमारियों के लिए अस्पताल आने, जाने हेतु अंडर ब्रिज का निर्माण अवश्य कराया जाए। नागरिकों ने यह भी कहा है कि कार्यवाही नहीं हुई तो वे आंदोलनात्मक कार्यवाही तेज करेंगे।

# राष्ट्रीय ध्वज के अपमान

सुनील कुमार अहिरवार





**टीकमगढ़।** जतारा में दुकान हटाने के चक्कर में व्यापारी ने जमीन पर गिराया तिरंगा टीकमगढ़ में उल्टा तिरंगा लगाकर भाजयुमो कार्यकर्ता ने की अपील । जिले में बीते 24 घंटे के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के 2 मामले सामने आए हैं। पहला मामला नगर परिषद जतारा का है। जहां एक दुकानदार ने पड़ोसी की दुकान को गिरा दिया। इसी दौरान दुकान पर लगा राष्ट्रीय ध्वज भी जमीन पर गिर गया लेकिन दुकानदार ने तिरंगे झंडे के अपमान का कोई ध्यान नहीं रखा। इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वही दूसरी घटना टीकमगढ़ में सामने आई हैं।

भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया पर तिरंगा यात्रा की अपील के दौरान अपने पीछे उल्टा राष्ट्रीय ध्वज लगा रखा था। युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रवीण चौधरी ने अपील का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया लेकिन जब लोगों ने उल्टा तिरंगा झंडा देखा तो इसका विरोध जताया।हालांकि अभी तक भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से इस मामले में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की दोनों घटनाओं को लेकर जिले में चर्चाओं का दौर गर्म हैं। लोगो का कहना हैं कि आगामी दो दिनों में जिले भर में लाखों की संख्या में राष्ट्रीय ध्वज का वितरण होना है ऐसे में जरूरी है कि प्रशासन तिरंगे झंडे की गरिमा को बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए। ताकि 15 अगस्त के बाद राष्ट्रीय ध्वज के ने अपमान के मामले दिखाई न दे।

### दुकानदारों पर मारपीट का मामला दर्ज

जतारा थाना प्रभारी त्रिवेदी ने बताया की दुकान लगाने के विवाद पर दो दुकानदारों के बीच मारपीट हुई थी। इसी दौरान एक दुकानदार ने दूसरे की दुकान हटाई थी। जिसमें राष्ट्रीय ध्वज नीचे गिर गया था। हालांकि दुकानदार ने अपमान की नियत से राष्ट्रीय ध्वज नीचे नहीं गिराया है। फिलहाल दोनों दुकानदारों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी आजादी'' के तरानों के साथ ग्राम पंचायत करही में निकाली तिरंगा रैली

### "हर घर तिरंगा अभियान" अंतर्गत पूरे गांव में निकाली पैदल तिरंगा रैली

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** हर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, चारों ओर तिरंगा ही तिरंगा। तिरंगामय तहसील नरवर की ग्राम पंचायत करही का दृश्य गतदिवस विशाल तिरंगा रैली में देखने को मिला। विदित है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के रूप में हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक मनाया जा रहा है। इस महोत्सव की श्रृंखला में जिले में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ निरंतर रूप से प्रतिदिवस संचालित हो रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत करही की जनता ने खुले दिल से ''हर घर तिरंगा अभियान'' का स्वागत करते हुए विशाल तिरंगा रैली में सहभागिता की। यह रैली पूरे ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। आयोजित रैली में एक अलग ही उत्साह प्रतिभागियों के चेहरों पर नजर आया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करही के सरपंच मोहित भार्गव, सचिव कृष्णपाल सिंह लोधी, पटवारी आनंद गुप्ता, करही चौकी प्रभारी श्री पुरोहित, करही संकुल प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल चौधरी, जनपद सदस्य कु.वर्षा रावत, ग्राम पंचायत मैट धर्मेंद्र सोनी, पूर्व शिक्षक मिश्रीलाल मिश्रा सहित ग्राम के सभी निर्वाचित पंच, ग्राम के सभी विभागों के कर्मचारी एवं अन्य पदाधिकारी तथा अन्य सभी नागरिक उपस्थित थे। सरपंच मोहित भार्गव ने रैली में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की महत्वता के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश भारत करीब 200 वर्षों तक अंग्रेजी हुकूमत का गुलाम रहा है। इन गुलामी की जंजीरों को तोड़ने में भारतवासियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा और 15 अगस्त सन 1947 के दिन हमारा देश भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया। इतनी मुश्किलों और बलिदानों से मिली हुई आजादी को हम भारतवासी प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त के दिन जश्न के रूप में मनाते हैं। यूं तो यह जश्न प्रत्येक वर्ष ही महत्वपूर्ण होता है, किंतु इस वर्ष का जश्न कुछ खास है क्योंकि हमारे देश भारत को स्वतंत्र हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं। इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सभी ने ''सुनो गौर से दुनिया वालों, बुरी नजर ना हम पर डालो, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी, वंदे मातरम, ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू'' आदि देशभक्ति गीतों पर उत्साह दिखाया। रैली के समापन अवसर पर सरपंच मोहित भार्गव ने उपस्थित जनों को आजादी के अमृत महोत्सव की शपथ दिलाई तथा राष्ट्रगान गायन के साथ रैली का समापन किया गया।

# 76 वें स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड भिण्ड में आयोजित की गई।

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड भिण्ड में 76 वें स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल सुबह 9 बजे आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने मंच पर पहुंचकर सबसे पहले परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी गुर्जर ने किया। परेड में विशेष सशस्त्र बल 17 वीं वाहिनी एसएएफ बटालियन भिण्ड, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, स्काउट गाइड शामिल रहे। रिहर्सल के दौरान हर्ष फायरिंग, मार्च पास्ट, परेड कमांडो से अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मलखंब एवं ऑर्केस्ट्रा बैंड के द्वारा प्रस्तुति मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत की। इस दौरान एसडीएम श्री प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली अमृत महोत्सव के अंतर्गत महारैली

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी–**35 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी शिवपुरी द्वारा स्थानीय सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय शिवपुरी में लगाए जा रहे ए.टी.सी कैंप के दौरान लगभग 400 एनसीसी कैडेट्स ने कैंप कमांडेंट कर्नल आंचल कुमार के नेतृत्व में एक महारैली का आयोजन किया! रैली को शिवपुरी जिले के जिलाधीश श्री अक्षय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल तथा विद्यापीठ के प्रबंधक श्री पवन शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया !

यह रैली फतेहपुर ,झांसी तिराहा, गुरुद्वारा ,चौक होते हुए राजेश्वरी रोड स्थित महान शहीद तात्या टोपे की समाधि पर समाप्त हुई !रैली के दौरान एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी वाक्य एकता और अनुशासन का पूर्णतया पालन किया व देशभक्ति नारे भी लगाए ! रैली के अंत में जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया गया तथा रैली सफल आयोजन के लिए एनसीसी कैडेट्स व बटालियन के कार्य की प्रशंसा भी की! रैली के सफल आयोजन में 35 बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर जय राम जाट, सूबेदार कुलविंदर ,नरेंद्र सिंह, हरिराम, नायक सूबेदार जसविंदर सिंह ,जगपाल सिंह, हवलदार जुझार सिंह, शैलेंद्र प्रताप ,पवन, हरमेश सिंह, दलबीर, सुखविंदर के साथ साथ 35 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी शिवपुरी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट गजेंद्र कुमार सक्सेना, अनीता कैमोर , असलम बेग मिर्जा, नंदकिशोर शर्मा, अरविंद जाटव ,ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

# भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ ने जैन महाविद्यालय परिषद में वृक्षारोपण किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा जी के नेतृत्व में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ नितेश शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण अभियान के तहत जैन महाविद्यालय, भिण्ड नगर में पौधारोपण किया गयाद्य जिसमें मुख्य रूप से खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री जितेंद्र लिटोरिया शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ नितेश शर्मा ,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यश्रीमती कृष्णकांता तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष नाथूसिंह गुर्जर,जिला महामंत्री भाजपा श्री धीर सिंह भदौरिया,शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक मनीष शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष आभा जैन, जिलामंत्री भाजपा पिंकी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाह, जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा,उपेंद्र राजोरिया किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय देपुरिया, मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी अमित जैन, धर्मेंद्र सोनी, अनुज बाल्मिक, पार्षद अमित चौधरी, पार्षद केशकली मनोज अर्गल पवन भारद्वाज, अर्जुन शर्मा, मुन्नेश शर्मा, मुकेश बोहरे, अभय पांडे, नीरज गौतम वीरेंद्र ओझा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# चाचोडी सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में तिरंगा रैली का किया शुभारंभ

### 'सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी आजादी'' के तरानों के साथ ग्राम पंचायत चाचोडी किरवा में निकाली तिरंगा रैली

**नरेश कुमार सिरवी**



**राजस्थान।** रानी पाली - हर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, चारों ओर तिरंगा ही तिरंगा। तिरंगामय तहसील रानी की ग्राम पंचायत चाचोडी किरवा का दृश्य गत दिवस विशाल तिरंगा रैली में देखने को मिला। विदित है कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के रूप में हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2022 तक मनाया जा रहा है।

इस महोत्सव की श्रृंखला में जिले शहर में ऐतिहासिक तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना । जिले सहित विभिन्न ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ निरंतर रूप से प्रतिदिवस संचालित हो रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत चाचोडी किरवा की जनता ने खुले दिल से ''हर घर तिरंगा अभियान'' का स्वागत करते हुए विशाल तिरंगा रैली में सहभागिता की। यह रैली पूरे दोनों ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। आयोजित रैली में एक अलग ही उत्साह प्रतिभागियों के चेहरों पर नजर आया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चाचोडी के सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित रोजगार ग्राम सहायक भगवान लाल बामणिया।, अध्यापक नाथूराम सिरवी। राजकीय विद्यालय के शिक्षक गण। शंकर सिंह राजपुरोहित भैरू सिंह राजपुरोहित पृथ्वी सिंह राजपुरोहित गोविंद सिंह राजपुरोहित सहित कई गणमान्य ग्रामीण एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने रैली में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की महत्वता के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश भारत करीब 200 वर्षों तक अंग्रेजी हुकूमत का गुलाम रहा है। इन गुलामी की जंजीरों को तोड़ने में भारतवासियों को कड़ा संघर्ष करना पड़ा और 15 अगस्त सन 1947 के दिन हमारा देश भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हो गया। इतनी मुश्किलों और बलिदानों से मिली हुई आजादी को हम भारतवासी प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त के दिन जश्न के रूप में मनाते हैं। यूं तो यह जश्न प्रत्येक वर्ष ही महत्वपूर्ण होता है, किंतु इस वर्ष का जश्न कुछ खास है क्योंकि हमारे देश भारत को स्वतंत्र हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं। इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

सभी ने ''सुनो गौर से दुनिया वालों, बुरी नजर ना हम पर डालो, सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी, वंदे मातरम, ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू'' आदि देशभक्ति गीतों पर उत्साह दिखाया। रैली के समापन अवसर पर सरपंच राजपुरोहित ने उपस्थित जनों को आजादी के अमृत महोत्सव की शपथ दिलाई तथा राष्ट्रगान गायन के साथ रैली का समापन किया गया।

किरवा में खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खरोकडा के नेतृत्व में ऐतिहासिक तिरंगा वाहन रैली निकाली गई===========किरवा में तिरंगा वाहन रैली में सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत पाली नगर परिषद पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा रानी पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद किशोर परिहार परिहार खोड किरवा सरपंच प्रतिनिधि मंगाराम चौधरी बालराई सरपंच केसाराम कुमावत खोड मंडल महामंत्री धनाराम चौधरी भाजपा नेता सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी । सहित कई भाजपा मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिन बच्चों ने अपने माता पिता को खोया है हम उनके साथ हैं - मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया

### कोविड-19 माता-पिता को खोने वाले बच्चों से किया संवाद

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी–** खेल एवं युवा कल्याण तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी भ्रमण पर आए और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कोविड काल मे अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने कोविड काल में अपने माता-पिता को खोया है हम उन बच्चों के साथ हैं। बच्चों के लिए शासन द्वारा भी मदद प्रदान की जा रही है। इस मौके पर राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रहलाद भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल सहित स्वसहायता समूह की महिलाएं, बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के हितग्राही बच्चे, उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ऐसे 70 बच्चों को विधायक निधि से 10-10 हज़ार रुपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किए हैं। उन्होंने बच्चियों को रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने संबोधित करते हुए यह भी कहा कि जो लोग इन बच्चों की मदद करना चाहते हैं वह आगे आए और मदद करें। इसके अलावा उन्होंने कोविड के दौर को याद करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जिला प्रशासन की पूरी टीम ने एकजुट होकर काम किया, जिसके लिए सराहना के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बच्चों को स्वेच्छानुदान निधि से राशि की स्वीकृति पत्र और मिठाई प्रदान की। कोविड काल में प्रशंसनीय कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सहित सुपोषण सखी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्य कर रही स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जिसमें सिद्ध बाबा स्व सहायता समूह से बती परिहार, संतोषी मां स्व सहायता समूह से मनीषा रावत, रानी रावत, मंगला देवी समूह से ज्योति कुशवाह और भैरव बाबा समूह से सीमा यादव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

**समूह की महिलाओं से खरीदा तिरंगा झंडा:** मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से पहले बाहर समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल से तिरंगा झंडा खरीदा और कहा कि जिन्होंने तिरंगा झंडा नहीं लिया है वह खरीदें और अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाएं।

# सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया की मंशानुसार जिले में किया गया कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के उपलक्ष्य में अग्निवीर योजना की जानकारी दी।

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने भिण्ड जिले में छात्र-छात्राऐं 10वीं और 12वीं करने के बाद वे कौन-सा कैरियर चुनें या फिर किस कोर्स में प्रवेश लें इस संबंध में विशेष प्रयास किये जाने की मंशा अनुसार भिण्ड जिले में शासकीय/अशासकीय स्कूल एवं कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र/छात्राओं के कैरियर को ध्यान में रखते हुये जिला प्रशासन एवं सहयोगीजनों द्वारा कैरियर काउन्सिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। आज इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह के उपलक्ष्य में भारत की सामरिक क्षमताओं को आवश्यकतानुरूप बनाने के लिए अग्निवीर योजना के बारे में युवाओं को समझाने के लिए कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार किया गया। कैरियर काउंसलिंग में कर्नल संतोष कुमार वर्चुअल माध्यम से एवं सभागार से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, एलुमनी नरेन्द्र सिंह तोमर सेना सेवानिवृत, भूपेंद्र सिंह कुशवाह सेना सेवानिवृत,भारतीय सेना से सुनील कुमार ,भंवरलाल सहित अन्य अधिकारी एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा आत्मज्योति आवासीय दृष्टिहीन कन्या विद्यालय पहुंचकर कन्याओं से बंधबाया रक्षा सूत्र





**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक**

**ग्वालियर।** विश्वकर्मा जन संगठन के नेतृत्व में गोले का मंदिर स्थित आत्मज्योति आवासीय दृष्टिहीन कन्या विद्यालय पहुंचकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने कन्याओं से रक्षा सूत्र बंधवाकर उनके साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया तथा उनसे आशीर्वाद लिया ।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि हमें इसी तरह संगठन के नेतृत्व मैं संकल्पित होकर सामाजिक कार्य करते रहना चाहिए तथा निःसहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए और हमें संकल्प लेना चाहिए कि आगे भी इसी तरह हमें एकजुट होकर सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ना है मन की शांति के लिए इसी तरह के कार्यक्रम हमें करते रहना चाहिए इस अवसर पर संगठन के संरक्षण श्री मोहन विश्वकर्मा जी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ वेताल विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा सुदामा विश्वकर्मा वीरसिंह विश्वकर्मा मुकेश विश्वकर्मा रवि विश्वकर्मा हरिओम विश्वकर्मा नरोत्तम विश्वकर्मा चाहत विश्वकर्मा विनोद विश्वकर्मा सतेंद्र विश्वकर्मा शुभम विश्वकर्मा इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम

**संवादाता हरिओम परिहार**

**शिवपुरी।** गुंजायमान हुआ ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में आज सरपंच एवं सचिव। एबम जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द से लेकर ग्राम पहाड़ा कला मेनबाड़ा होते हुए अपने पंचायत भवन पर रैली पहुंची निकली तिरंगा यात्रा पहाड़ा खुर्द, 13 अगस्त 2022/ हर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से आज पहाड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा पंचायत भवन से प्रारंभ होकर से गांव पर पूर्ण हुई। यात्रा के समापन के दौरान सरपंच अभिनंदन लोधी बहादुर सिंह लोधी उप सरपंच श्री गेंदालाल परिहार ने सभी को अपने घरों, प्रतिष्ठानों आदि पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की यात्रा में सभी लोग अपने वाहनों पर एवं हाथों में तिरंगा थामे चल रहे थे और भारत माता की जय, हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा, बंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। नगर में अनेक स्थलों पर नागरिकों, संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।रैली के समापन अवसर सरपंच अभिनंदन लोधी जी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 के बीच सभी नागरिक अपने घरों पर, प्रतिष्ठानों पर, कार्यालयों पर तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा की 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी को तिरंगा झण्डा संहिता की जानकारी दी तथा हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर 13 से 15 अगस्त के मध्य राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।



## तिरंगा हमारा स्वाभिमान

**पुष्पाजंली टुडे**

**गुजरात-** गांधीधाम शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ आने की खुशी में आज दिव्या साल्ट प्राइवेट लिमिटेड गांधीधाम में कंपनी के चेयरमैन राम लाल सेंणचा के सानिध्य में हमारा अपना देश की शान तिरंगा को कंपनी की हेड क्वार्टर में फहराया गया । इस अवसर पर समाजसेवी रामलाल सेंणचा, बाबूभाई चौधरी, परसराम एडवोकेट,मुकेश, दीदार सिंह, राहुल पटेल आदि मौजूद थे ।सभी ने जय हिंद, भारत माता की जय हो। नारे लगाए।।रामलाल सेणचा ने सभी देश वासियों को आजादी के अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी




## अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत् भाजपा इंदरगढ़ ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**विवेक सेन पुष्पांजलि टुडे**

**इंदरगढ़।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत् हर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत दतिया कलेक्टर संजय कुमार के नेतृत्व में घर-घर तिरंगा फहरायें जाने हेतु जिले में विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जन सामान्य को अपने अपने घरों पर झण्ड़ा फहराने हेतु प्रेरित किया जा रहा है और देश में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को बताया जा रहा है। इसी कढ़ी में भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ द्वारा तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया...यात्रा का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुधोलिया के मार्गदर्शन में किया गया*यात्रा नगर परिषद कार्यालय दतिया रोड से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्यमार्ग होते हुए वावरी सरकार मंदिर पर समाप्त हुई... * जिलाध्यक्ष बुधोलिया ने नगर की समस्त जनता से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए आग्रह किया..।इस यात्रा के दौरान नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष गौरी-रामस्वरूप मंडेलिया,उपाध्यक्ष संजीव कुशवाहा, जिलाउपाध्यक्ष विनय गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष रामलखन गुर्जर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विशाल शर्मा, जिलाउपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत खरे, भाजपा के सभी पार्षदगण,भाजपा के सभी मोर्चे के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे



## अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर



**ब्यूरो चीफ रामदयाल गौतम**

**अंबेडकर नगर।** जलालपुर विधानसभा 280 जलालपुर तहसील मालीपुर थाना अंतर्गत रुकनपुर ग्राम सभा के प्राइमरी पाठशाला में अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर तिरंगा यात्रा निकालने के बाद *ग्राम प्रधान रुकनपुर दयाशंकर राजभर हरिदर्शन राजभर भाजपा मंडल मंत्री मालीपुर* प्रदीप गौड़ संतोष विश्वकर्मा कन्हैया अध्यापक प्राइमरी पाठशाला की हेड मास्टर आदि तमाम लोग वृक्षारोपण का बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिछोर थाना पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा




**राकेश परिहार**

**पिछोर,** आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत इन दिनों हर जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में पिछोर थाना पुलिस प्रशासन द्वारा नगर परिषद पिछोर में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें समस्त थाना टीम ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ नगर परिषद पिछोर में तिरंगा यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जिसमें नगर परिषद पिछोर के वरिष्ठ गण मान भी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए और तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर व मेडिकल ऑफिसर डॉ, संजीव वर्मा एवं समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा यह तिरंगा यात्रा निकाली एवं तिरंगा यात्रा को भव्य बनाया गया

# मुरैना आईपीएस आशुतौष बागरी ने अपनी,ईमानदारी और कर्तव्य परायणता से बनाई बिशिष्ट छबि...

### दबंगई व बहादुरी के आगे दुर्दात गुण्डे मबालियो ने भी टेके घुटने...

**मुरैना**...जिले को लम्बे समय के बाद आशुतौष बागरी के रूप में ईमानदार कर्तव्य परायण अधिकारी मिला है जिन्हौने अपनी कार्यशैली से ही नगरी निकाय व पंचायती चुनाव मे अपनी एक अनोखी छबि बनाकर निश्पच्छ निर्बिघन चुनाव सम्पन्न कराकर बर्षो पुराना रिकार्ड तोडा है वही उनकी दवंगई व बहादुरी से मात्र पॉच माह में ही कई दुर्दान्त, दस्सु, गुण्डे, मबालियो, ने अपने घुटने टेके दिये चाहे वह लूट, फायरिग, छीना झपटी, शराब माफिया अबैध हथियार बिक्रता व पुराने पैडिग मर्ग सभी को ट्रैस करने में सफलता हासिल की है चुनाव मे अच्छी भूमिका होने से चम्बल एडीजी राजेश चावला जी ने प्रसंसा पत्र देकर आशुतोष बागरी जी को सम्मानित किया है 2016 बैच के युवा आईपीएस अफसर आशुतौष बागरी को मुरैना के बारे में अच्छी खास जानकारी है आईपीएस असित यादव के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहकर मुरैना में पहले भी सराहनीय भूमिका रही है मध्य प्रदेश के इन्दौर जिले मे लम्बे समय तक पुलिस अधीक्षक रहने से अच्छा खास अनुभव है वे जाबरा मे एसएएफ कमाडेंट रहते हुऐ कुछ समय के लिय भिन्ड 17 बटालियन में रहकर मुरैना पुलिस अधीक्षक की कमान संभाले हुये है युवा और नई टेक्नोलोजी व साइसैल का इन्दौर मुरैना शहर का अच्छा खास अनुभव है और उन्है आगामी कार्यकाल में जरूर इसका अच्छा खासा फायदा मिलेगा मूलतः वे पन्ना जिले के निबासी है यदि आशुतौष बागरी जी के स्वभाव की बात करे तो बडे ही मृदुल भाषी रहम दिल व आमजन के दिल मे जगह की एक बिशिष्ट छवि बनाई है वही अपराधियो के प्रति काफी शक्त है जिससे कई बडे अपराधी उनकी कडक शैली से घवडाकर सरेन्डर होने को मजबूर हो चुके है उनकी दबंगई की कही जाये तो उन्हौन पदभार सभालते ही अम्बाह के पास ककरारी गॉव के बीहड मे अफीम की खेती को पकडा साथ ही अम्बाह क्षैत्र के दिमनी थाने अन्तर्गत बित्त के पुरा में हिटैची से खुदाई के दौरान 7000 हजार महुआ लोहान व 200 लीटर कच्ची शराब पकडी व पोरसा दिमनी थाने में हथियारो का जखीरा पकड कर अपराधियो को जेल भेजा...




### पडोसी राज्यो के पुलिस अफसरो से गहरी मित्रता

एसपी आशुतौष बागरी के मिलनसार व खुश दिल व्हवहार की बजय से पडौसी राज्यो के पुलिस अफसरो से भी गहरी मित्रता है इटावा (यूपी) व धौलपुर (राजस्थान) के पुलिस अफसरो से अच्छा सामंज्यस है जिसके बास्ते मुरैना जिले में बारदात करके भागे बदमाशो को हाल दबोच लाते है इनके कार्यकाल के दौरान लॉ इन ऑडर में काफी सुधार आया है साफ छबि अफसर है कोई कितना बडा ही आदमी क्यो न हो अपना उल्टा सीधा कराने में कभी सफल नही हुआ है इस लिये कुछ अपनत्व बाले ब्यक्ति इनसे खुश नजर नही आते है और जनता के बीच चाहे कुछ कहे जनता राम की भी नही हुई थी सीता जी को भी घर से देश निकारा दिलवा दिया था

## एफ पी ए आई ग्वालियर ब्रांच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं हेतु किया संगोष्ठी का आयोजन..

### फॅमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफिस इंडिया की



**पुष्पाजंली टुडे**

**ग्वालियर** ब्रांच द्वारा आज संस्था की ब्रांच मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित जी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर एक युवा संगोष्ठी का आयोजन किया.. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे उन्होने अपने उधवोदन में सभी को नवीन गतिविधियों से अबगत करते हुए युवा अधिकारों पर भी चर्चा की एबं उन्होने सभी को आज़ादी के 75 वें अमरोत्स्व पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में श्रीमती पूजा शर्मा उपस्थित थी उन्होंने सभी को युवा स्वास्थ्य पर जागरूक किया.. कार्यक्रम के अंत में एक रैली का आयोजन भी किया.. कार्यक्रम के अंत में संस्था की और से श्री आशीष सोनी द्वारा सभी का आभार व्यक्ति किया..




# 75 वे स्वतंत्रता दिवस का मूल्य सभी भारतीयों को समझना होगा।

लेखक/ भीष्म भदौरिया/ सच का आईना

किसी भी देश की भौगोलिक की स्थिति, राजनीति सांस्कृतिक, सामाजिक, व आर्थिक ऐसे अनेक विचारों का समावेश होकर एक देश का या कहा जाए एक उत्तम विचार धारा जो प्रत्येक जनमानस के लिए सार्थक वाह प्रकाशमय होती है। जिसका मूल कारण होता है। प्रत्येक राष्ट्र .की अपनी अपनी अलग विचारधारा होती है। इसी विचारधारा को अपना देह मान के प्रत्येक मनुष्य एक निजी वाह राष्ट्र की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है। सृष्टि निर्मित होने के पश्चात विकास का क्रम धीरे धीरे मानव जीवन में चलने लगा, इसी समय कुछ लोगों ने अपनी स्वय की महत्वाकांक्षाओं के लिए और गुलामी की नीति का अनुसरण करते हुए बहुत से राष्ट्रों को अपने चंगुल में ले लिया। जिससे मानव जीवन कष्टों की शुरुआत हो गई। इन्हीं राष्ट्रों में भारत देश भी था, जहां पर शुरुआती दौर में मुसलमान, पुर्तगाल, डच और अंग्रेजों ने दमन व गुलामी की प्रक्रिया को एक लंबे समय तक कायम रखा। जिससे भारत देश धीरे धीरे खोखला होने लगा, जोकि विश्व पटल पर सभी क्षेत्रों में एक अलग ही पहचान रखता था। लेकिन यहां की द्वेष भावना का फायदा इन दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों ने उठाया, जिससे नागरिक को अपना जीवन जीना बा मुश्किल हो गया और यहीं से एक विद्रोह की नींव रखी गई, क्योंकि यह क्रम एक लंबे समय तक चलता रहा, जिसकी वजह से आम आदमी स्वतंत्रता की उम्मीद यह छोड़ चुका था, लेकिन कहते हैं ना कि जिस देश की मिट्टी के कण-कण में वीरगाथा विराजमान हो उससे क्या कोई हरा सके गा और यह चरित रात्र भी हुआ। भारत देश की तपोभूमि ने 1947 में एक नए सूर्य की किरण की तपन को महसूस किया लेकिन वास्तविक में क्या भारत देश पूर्ण स्वतंत्र हो गया या पहले से भी ज्यादा गुलामी की जंजीरें मे जकड़ ने को मजबूर कर हैं? इस विषय पर भारत के प्रत्येक नागरिकों गहन चिंतन करने की आवश्यकता है ,जैसा कि वर्तमान में दिखाई दे रहा है। देश की स्थितियां पहले से ज्यादा भयभीत करने बाली हो रही है। पहले तो बाहरी लोगों से भय था, लेकिन आज इसके विपरीत यहां के कुछ लोग देश को उसी स्थिति में ले आने के आतुर दिखाई दे रहे हैं।

स्वतंत्रता कोई एक दिन का प्रयास नहीं होता। यह कोशिश निरंतर और क्रमबद्ध तरीके से चलती रहती है, तब जाकर कोई राष्ट्र अपनी विचारधारा को पूर्ण से विकसित कर पाता है। जिस लोकतंत्र प्रक्रिया में भारत का प्रत्येक नागरिक आज स्वतंत्र रूप से आपने विचारों एवं अन्य विकास की ओर बढ़ रहा है, यह वातावरण सभी को सहज और सरलता से प्राप्त नहीं हुआ है। इसके लिए लगभग इस तपोभूमि पर 500



वर्षों तक निरंतर संघर्ष चला, इसके लिए हजारों लोगों ने अपने देश हित में प्राण हंसते हुए न्योछावर कर दिए और उन वीर शहीदों ने कभी शायद स्वपन में विचार नहीं किया होगा कि जिस स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण इस मिट्टी को दे दिए एक बार पुनः यह बसुधा गुलामी के दलदल मे जकड़ ली जाएगी। अतः यह एक विचारणीय विषय है, इतने लंबे समय में यहां पर किन-किन क्षेत्रों में विकास का चरमोत्कर्ष हुआ है। जैसे कि राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा वाह अन्य क्षेत्र जिसकी स्वतंत्रता के लिए एक लंबा संघर्ष चला क्या इन सभी क्षेत्रों में 75 सालों में भारत देश पूर्ण स्वतंत्र हो पाया है या उससे भी बुरी स्थिति से गुजर रहा है। क्योंकि उस समय बाहरी देशों के लोगों से भय था लेकिन आज जब सभी भारतवासी राष्ट्र का चौतरवा स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं, तब यह महसूस होता है कि आज अपने ही लोग इस राष्ट्र को लूटने और कसोटने मे लगे हुए हैं ।इस प्रकार के दौरान लोगों को अभी है पता नहीं है की 18 57 से 1947 तक 14000 लोगों की शहादत हो गई थी तब कहीं जाकर 1947 में स्वतंत्रता की नींव रखी गई और भारत देश में एक लंबे समय बाद अपने जीवन की नई शुरुआत की अतः जो देश की मिट्टी को रसातल करने में लगे हुए उनके लिए आज आम जनता को एक बार पुनः विचार करना चाहिए कि उनकी शहादत व्यर्थ न जाए और 1757 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना के बाद इन्होंने भारत के प्रत्येक बड़े-बड़े शहरों में अपना व्यापार फैलाने की दमनकारी नीति की शुरुआत कर दी। अतः भारत में वास्तविक रुप से देखा जाए तो सब प्रथम आंदोलन की शुरुआत यहीं से प्रारंभ हो गई। लेकिन उग्र आंदोलन 18 57 से 1947 के बीच हुए। जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला के रख दिया। इन आंदोलनों में 9 अगस्त 1925 को काकोरी कांड, 1919 में जलियांवाला बाग ,1920 से 1922 असहयोग आंदोलन, 1930 से 1934 समन्वय अवज्ञा आंदोलन, 1942 से 1944 भारत छोड़ो आंदोलन और 1947 से 1945 इंडियन नेशनल आर्मी इन आंदोलनों में लगभग 14000 भारतीय जवान शहीद हुए ।आंदोलन की शुरुआत राजा राममोहन राय, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद भगत सिंह, लाला लाजपत राय, खुदीराम बोस, बिस्मिल अशफाक, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह जी ऐसे अन्य सम्मानीय भारतीयों ने मिलकर 1947 में भारत को स्वतंत्रता की रोशनी में लाकर खड़ा किया। अतः कुछ चुनिंदा लोग राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक विसंगतियां फैलाकर देश को1757 मे ले जाकर खड़ा करना चाहते हैं। इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को एक बार पुनः हैं देश हित के लिए खड़ा होना पड़ेगा । कुछ महान पुरुष जो देश को प्रत्येक क्षेत्र में समृद्ध बनाना चाहते उनके कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रयास करना पड़ेगा ।तभी भारत देश स्वर्ण में कहलाएगा और जो जवान भारत की स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए हैं, उनकों वास्तविक श्रद्धांजलि होगी।

**देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को सादर श्रद्धांजलि**

# स्वास्थ्य सेवा से अच्छा सेवा का कोई और माध्यम नहीं : श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया





### केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जिला चिकित्सालय मुरार में कृतज्ञता ज्ञापन समारोह में शामिल हुए

### 20 करोड़ रूपए की लागत से होगा जिला चिकित्सालय मुरार का उन्नयन

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से अच्छा सेवा का कोई और माध्यम नहीं है। इसी सोच के साथ केन्द्र व राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही हैं। खुशी की बात है आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन के लिये 20 करोड़ रूपए की सौगात मिली है। श्री सिंधिया जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन कार्यों की स्वीकृत के उपलक्ष्य में आयोजित कृतज्ञता ज्ञापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि जिला चिकित्सालय मुरार का अब अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ विस्तार होगा। यहाँ पर जल्द ही 200 बिस्तर के स्थान पर 300 बिस्तर उपलब्ध होंगे। साथ ही अत्याधुनिक आईसीयू, बर्न यूनिट, आधुनिक पैथोलॉजी व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं सहित पार्किंग व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। जिला चिकित्सालय का भवन तीन मंजिला होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद संभाग आयुक्त और जिला कलेक्टर को अगले 15 महीने के भीतर जिला चिकित्सालय के उन्नयन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने यह भी कहा कि ग्वालियर में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। जल्द ही एक हजार बिस्तर के अस्पताल का शुभारंभ होगा। साथ ही जेएएच परिसर में सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल भी जनता को समर्पित किया जायेगा। इन अस्पतालों के लिये भोपाल से अत्याधुनिक उपकरण दिलाए जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गोले का मंदिर पर मार्क हॉस्पिटल वाली जमीन पर निजी क्षेत्र का प्रतिष्ठित अस्पताल स्थापित करने के प्रयास भी गंभीरता से जारी हैं। इसके लिये निजी अस्पताल प्रबंधन से चर्चा हो चुकी है। श्री सिंधिया ने कहा कि आगे चलकर ग्वालियर में स्वास्थ्य सेवाओं की कोई कमी नहीं रहेगी और लोगों को बेहतर इलाज के लिये नई दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर में सिंधिया रियासतकाल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेएएच व मेडीकल कॉलेज सहित हजीरा सहित अस्पताल स्थापित किए गए थे। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में भी ग्वालियर एक समृद्ध स्टेट थी। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से आग्रह किया कि ग्वालियर की फिर से औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान स्थापित करने के तेजी से प्रयास किए जाएँ।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्वालियर के साथ सम्पूर्ण प्रदेश को विकास के क्षेत्र में ऊँचाईयों पर ले जा रही है। खुशी की बात है ग्वालियर के विकास में केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर व श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने जिला चिकित्सालय मुरार के लिये 20 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत कराने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वागत उदबोधन बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने दिया। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय मुरार के उन्नयन हेतु राशि मंजूर कराने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रति मुरार क्षेत्र के निवासियों की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया। आरंभ में श्री सिंधिया सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन व धन्यवाद पट्टिका का अनावरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## मीडिया सेंटर के रूप में ग्वालियर की पत्रकारिता को नया प्लेटफार्म मिला है : श्री सिंधिया

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया आईकॉम इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस का उदघाटन



ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि आईकॉम इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस के रूप में ग्वालियर को एक ऐसा प्लेटफार्म मिला है, जिससे ग्वालियर देश ही नहीं समूचे विश्व से जुड़ गया है। श्री सिंधिया यहाँ पड़ाव के समीप सांध्य समाचार कार्यालय परिसर में मीडिया सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह मीडिया सेंटर स्थापित करने के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पाण्डेय एवं पूरी टीम के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने फीता काटकर इस मीडिया सेंटर का उदघाटन किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर की पत्रकारिता के क्षेत्र में यह मीडिया सेंटर बड़ी सौगात है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश विदेश के शहरों से जुड़कर परिचर्चाएँ व संगोष्ठियाँ की जा सकेंगीं। साथ ही पत्रकारिता संबंधी विषयों पर भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विमर्श हो सकेगा।

आरंभ में मीडिया सेंटर के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पाण्डेय ने जानकारी दी कि इस सेंटर के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जा सकेंगीं। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी स्व. प्रवीणा पाण्डेय, की स्मृति में यह मीडिया सेंटर स्थापित किया है।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, सर्वश्री अशोक शर्मा व आशीष प्रताप सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शहर के वरिष्ठ पत्रकारगण एवं आईकॉम इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस टीम के सदस्यगण मौजूद थे।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सीआरपीएफ ने निकाली तिरंगा यात्रा



ग्वालियर। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक समूह केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर श्री पी सी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समूह केन्द्र सीआरपीएफ के अधिकारी, जवान एवं रायपुर गाँव के लोगों ने आज बैंड बाजे के साथ छोटा रायपुर गाँव में तिरंगे के साथ पैदल मार्च किया। साथ ही लोगों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रति जागरूक भी किया और उन्हें घर पर तिरंगा फहराने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में कमाण्डेंट समूह केन्द्र श्री ओमकार नाथ सिंह, कमाण्डेंट 244वीं वाहिनी श्री एस के चौबे, समूह केन्द्र के अधिकारीगण एवं अन्य कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये छोटा रायपुर गाँव के स्थानीय पुरूष-महिला व बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक समूह केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री पी सी श्रीवास्तव ने स्थानीय लोगों को संबोधित किया और उन्हें आजादी एवं झंडे के महत्व को समझाया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में से कुछ महिलाओं ने भी लोगों को संबोधित किया तथा बच्चों ने देश भक्ति गीत गाकर लोगों को भाव विभोर किया। इस कार्यक्रम के उपरांत समूह केन्द्र ग्वालियर के अधिकारी व कार्मिकों ने निकटवर्ती क्षेत्र में मोटर साईकिल रैली का भी आयोजन किया।

### भाजपा ने तिरंगा यात्रा प्रभात फेरी निकाली

ग्वालियर । देश की आजादी की 75 में अमृत महोत्सव के अवसर पर आज अंबेडकर पार्क से तिरंगा प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा, दीनदयाल मॉल, फूलबाग चौराहा होते हुए लक्ष्मी बाई समाधि स्थल पर पहुंची । जहां पर महारानी लक्ष्मी बाई की समाधि पर भाजपा नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की? । इस प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, ऊर्जा मंत्री प्रदुम सिंह तोमर, श्रीमती सुमन शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजोरिया, बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, निगम सभापति मनोज तोमर, अभय चौधरी, विनोद शर्मा, जितेन्द्र गुर्जर, रामवरनसिंह गुर्जर, हरीश मेवाफरोश राजू सेगर अशोक शर्मा, धर्मेंद्र तोमर रामधन गुर्जर मानसिंह तोमर विनती शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।



## बस्तियों को मच्छर के लार्वा मुक्त बनाने के लिए एम्बेड परियोजना के तहत चलाया गया लार्वा विनिष्टीकरण अभियान

### शहरी युवा निभायेंगे डेंगू नियंत्रण में अपनी भूमिका

### इंटरफेज मीटिंग के दौरान क्षेत्र वासियों ने लिया, मुंशी मोहल्ले मलेरिया - डेंगू मुक्त बनाने का संकल्प



ग्वालियर। ग्वालियर को स्वस्थ्य व स्वच्छ तथा डेंगू - मलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में शहरी युवाओं के साथ एक विशेष कार्यक्रम ÷यूथ एंगेजमेंट फॉर सिविक एक्शन÷ गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट के सहयोग से फेमिली हेल्थ इंडिया व जिला स्वास्थ्य समिति एवं नगर निगम ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में क्रियान्वित किया जा रहा है।

जिसके तहत आज 13 अगस्त 2022 को वार्ड 53 के मुंशी मोहल्ले में एक इंटरफेज मीटिंग का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता के साथ साथ सभी विभागों जैसे -शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से शहर में मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया - डेंगू के नियंत्रण की कार्यवाही करना था।

जिला मलेरिया अधिकारी ग्वालियर डा. विनोद डोनेरिया के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस कार्यक्रम के तहत एम्बेड टीम व मलेरिया विभाग की टीम के साथ क्षेत्र वासियों द्वारा मुंशी मोहल्ले में अभियान चला कर घर घर मच्छर के लार्वा विनिष्टीकरण की कर्यवाही की और बैठक में लोगों को मलेरिया डेंगू के लक्षण - सावधानियों, जाँच व उपचार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान फेमिली हेल्थ इंडिया द्वारा मलेरिया - डेगू नियंत्रण की दिशा में बनाए गये छू मच्छर एप्प के माध्यम से क्षेत्रीय स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसके माध्यम से स्वयं सेवकों (पुष्पेन्द्र, अनिकेत, शिवम व अमन) द्वारा मच्छर के लार्वा तथा गन्दगी की सूचना को संबधित विभाग तक पहुचाने में सहयोग किया जा कर ग्वालियर को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाने में भागीदारी निभाई जावेगी। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना विजय मिश्रा द्वारा सभी स्वयं सेवकों व क्षेत्र वासियों को अपने अपने क्षेत्र व घरों में मलेरिया - डेंगू से बचाव हेतु नियमित रूप से पानी के बर्तनों को साफ़ करने तथा ढक कर रखने, लार्वा विनिष्टीकरण करने तथा मच्छर रोधी साधनों जैसे फुल आस्तीन के कपडे पहनने, अगरबती, कार्ड, मच्छरदानी आदि साधनों को इस दौरान स्कूली बच्चों को भी मच्छरों का लार्वा दिखा कर मच्छर व डेंगू - मलेरिया से बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्र व प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ है - केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

#### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बहांगीखुर्द पहुँचकर पीड़ित परिवार से की चर्चा

ग्वालियर। हरिद्वार से काँवड़ लेकर लौट रहे ग्वालियर के युवाओं की गत दिनों डम्पर से हुई मृत्यु के पीड़ित परिजनों से मिलने पहुँचे केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया । ग्वालियर जिले के ग्राम बहांगीखुर्द के शाला भवन में परिजनों से चर्चा करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा है कि पीड़ित परिवार के साथ केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार है। पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान किया जायेगा। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया शनिवार को बहांगीखुर्द गाँव पहुँचे और पीड़ित परिजनों से विस्तार से चर्चा की। उनके साथ प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल सहित जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दुर्घटना में मृत हुए लोगों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की और इस दुखद घटना से पीड़ित परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति ईश्वर दे, ऐसी कामना भी की। उन्होंने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से पीड़ित परिजनों को दी गई सहायता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि घटना में मृत हुए लोगों के परिजनों को रेडक्रॉस के माध्यम से तत्काल 25 हजार रूपए की सहायता, पंचायत के द्वारा तत्काल 5 हजार रूपए अंत्येष्टि सहायता, संबल योजना के तहत 4 लाख रूपए की सहायता, ग्राम पंचायत के माध्यम से 600 रूपए प्रति माह पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही उद्यानिकी मंत्री द्वारा 50 हजार रूपए की सहायता भी प्रदान की गई है।

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के घर पहुँचकर उनकी पत्नी से की भेंट

**शॉल-श्रीफल से किया सम्मान**

ग्वालियर। देश की आजादी की 75वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के निवास पर पहुँचे और उनकी पत्नी श्रीमती विमला रानी जनवार उम्र 105 वर्ष से भेंट की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया शनिवार को शाम बिरलानगर लाईन नं.-1 में निवासरत स्व. श्री जनवार जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, उनके निवास पर पहुँचे और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विमला रानी जनवार से भेंट कर उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। इस मौके पर उनके साथ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल सहित जनप्रतिनिधि और जनवार परिवार के सदस्यगण उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने जब श्रीमती विमला रानी से जनवार से पूछा कि आप स्वस्थ हैं और भोजन भी बनाती हैं तो उन्होंने कहा हाँ मैं स्वस्थ हूँ और मैं अपने सभी काम कर लेती हूँ। उन्होंने इस मौके पर ÷सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा÷ का गान भी किया। उनके मुँह से देशभक्ति की यह लाईन सुनकर सभी उपस्थित लोग खुश हो गए।

### जिसके मन में सत्य का वास होता है, उसका चारित्र अपने आप ही शुद्ध हो जाता है-मुनिश्री

**48 दिवसीय भक्तामर विधान में गूंज रही है भगवान आदिनाथ देशन**



ग्वालियर। जीवन में व्यक्ति को मन, वचन और शरीर के द्वारा सत्य का आचरण करना चाहिए। सत्य का संबंध केवल बोलने से ही नहीं, व्यक्ति के आचरण से भी रहता है। जिसके मन में सत्य का वास होता है, उसका चारित्र अपने आप ही शुद्ध हो जाता है। आज के इस भौतिक एवं वैज्ञानिक युग में जीवन के सुख-साधन अवश्य बढ़े हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश सत्य से मानव की आस्था गिरी है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति का ऐसा विश्वास बन गया है कि झूठ के बिना उसे जीवन के विपुल सुख-साधन तथा समृद्धि प्राप्त नहीं हो सकती, इसलिए छल-कपट और धोखाधड़ी का आश्रय लेकर वह अपने अभीष्ट उद्देश्यों की पूर्ति में लगा रहता है। मुनिश्री ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसीलिए आज परेशानियां दिखाई देती हैं और सर्वत्र अन्याय तथा अनीति का वातावरण बना हुआ है। इस से एक नहीं, अपितु सारे दुखी हैं। दुनिया के सभी महापुरुषों और धर्म ग्रन्थों ने झूठ को बुरा कहा है क्योंकि इसके परिणाम दुख और अशांति के रूप में जीवन में आते है, किंतु फिर भी व्यक्ति झूठ बोलता रहता है। झूठ बोलना व्यक्ति की दुर्बलता का ही नतीजा है। झूठ बोलने से व्यक्ति का विश्वास और उसकी साख दोनों गिरने लगते है। असत्य का मार्ग कांटों से परिपूर्ण होता है। सत्य का मार्ग सीधा, सपाट और सरल है।

### तिरंगा भारत की आस्था विष्वास त्याग, बलिदान, कुर्बानी कांग्रेस का इतिहास : डॉ. देवेन्द्र शर्मा




ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीष सिकरवार, प्रदेष महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व में दक्षिण विधानसभा में हनुमान चैराहा से प्रारंभ होकर जनकगंज, गांधी मार्केट, सिंधी धर्मषाला, लाला का बाजार, गाढ़वे की गोठ, मामा का बाजार, होती हुई सिंकदर कम्पू पर समाप्त हुई, 15 ग्वालियर विधानसभा में चारषहर का नाका से प्रारंभ होकर लाल बहादुर शास्त्री जी प्रतिमा स्थल पड़ाव पर समाप्त हुई, 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा में कटोरा ताल से प्रारंभ होकर लाल, बाल, पाल, प्रतिमा स्थल फूलबाग पर समाप्त हुई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीष सिकरवार, प्रदेष महासचिव सुनील शर्मा, पदयात्रा प्रभारी रमेष चैरसिया, रषीद पहलवान, महेष कुषवाह, बेताल सिंह सिरोल, दर्षन मिश्रा, राघवेन्द्र चैहान, उमेष भदोरिया, सुरेन्द्र पाल ने तिरंगा सम्मान महोत्सव पदयात्रा में नागरिको को संदेष देते हुए कहा कि तिरंगा भारत की आस्था और विष्वास है और त्याग, बलिदान कुर्बानी कांग्रेस का इतिहास है, आजादी के आंदोलन में वीरंगना लक्ष्मीबाई और मंगल पांडे से प्रेरणा लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित मोतीलाल नेहरू, गंगाधार राव तिलक, विपिन दास पाल, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाष चंन्द्र बोस, पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, अरूणा आसिफ अली, खान अब्दुल गफार खान, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे अनेक नेतांओ के नेतृत्व में देष को अंग्रेजी हुकुमत से आजादी दिलाने के लिए त्याग बलिदान कुर्बानी दी है, आज जो भाजपा तिरंगे की बात करती हे उस भाजपा ने हमेषा अपनी बल्दियत बदली है, आरएसएस, जनसंघ, जनमोर्चा और भाजपा के रूप में इस देष को गुमराह किया है, कांग्रेस का झंडा कल भी तिरंगा था, आज भी तिरंगा है और कल भी तिरंगा रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478